

हिंदी दैनिक
गरीब दर्शन
सच की उड़ान
बिहार
वर्षः 05, पृष्ठ : 8 | अंक : 132
मूल्यः रू. 02.00
मोतिहारी, 07 सितंबर, सोमवार 2026
www.garibdarshan.com | facebook.com/garibdarshan
email Id: newsgaribdarshan@gmail.com

सत्य निकेतन में पांच मंजिला इमारत भरभराकर गिरी, कई लोग मलबे में दबे

- बेसमेंट में चल रहा था खुदाई और मरम्मत का काम
- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घटनास्थल पहुंचकर लिया बचाव कार्य का जायजा

गरीब दर्शन/नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे एक पुरानी पांच मंजिला इमारत अचानक भरभराकर ढह गई। हादसे के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। इमारत में छात्रों के लिए पीजी और छात्रावास संचालित हो रहा था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे के समय इमारत के बेसमेंट में खुदाई और मरम्मत का काम चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि खुदाई के कारण इमारत की नींव और खंभे कमजोर हुए, जिसके बाद पूरा ढांचा धराशायी हो गया। इमारत के गिरते ही बड़ी संख्या में लोग मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, दमकल विभाग, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, नगर निगम और अन्य बचाव एजेंसियों की टीमें मौके पर पहुंचीं। राहत और बचाव दलों ने मलबा हटाकर लोगों की तलाश शुरू की। अधिकारियों



के अनुसार, अब तक 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। घायलों को उपचार के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर और सफदरजंग अस्पताल भेजा गया है। कुछ लोगों की मौत की पुष्टि भी हुई है, जबकि मलबे में अभी और लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव अभियान का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से बचाव कार्य की जानकारी ली और मलबे में फंसे लोगों को जल्द से जल्द बाहर निकालने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हादसे के लिए जो भी जिम्मेदार होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषी चाहे इमारत का मालिक हो या कोई अधिकारी, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने इमारत के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि बेसमेंट में खुदाई और निर्माण कार्य की अनुमति थी या नहीं तथा सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं। हादसे के बाद आसपास की कुछ इमारतों को भी एहतियातन खाली कराया गया है। प्रशासन ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि इमारत में दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर में पढ़ने वाले कई छात्र रहते थे। हादसे की खबर फैलते ही छात्रों और उनके परिजनों में चिंता फैल गई। प्रशासन की ओर से प्रभावित लोगों की पहचान और उनके परिजनों से संपर्क की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। सरकार ने कहा है कि राहत एवं बचाव कार्य पूरा होने तक सभी संबंधित एजेंसियां मौके पर तैनात रहेंगी और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

विपक्ष के विरोध के बावजूद भारत के विकास की गति नहीं रुकेगी : नितिन नवीन

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'नाराज फूफा' वाले बयान को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को देश के विकास, विरासत और संस्कृति से जुड़ी हर उपलब्धि पर नाराजगी होती है लेकिन उसके विरोध के बावजूद भारत के विकास की गति नहीं रुकेगी और विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। नितिन नवीन ने रविवार को जारी वीडियो में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के शताब्दी समारोह में युवाओं को संबोधित करते हुए विपक्ष के कुछ नेताओं की तुलना 'नाराज फूफा' से की थी। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज में कुछ लोग ऐसे होते हैं जो हर बात से असंतुष्ट रहते हैं और किसी सकारात्मक दिशा में आगे नहीं बढ़ पाते। भाजपा अध्यक्ष ने विपक्ष से सवाल किया कि अगर भारत विकास कर रहा है तो उसे नाराजगी क्यों होती है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया गया, तब भी विपक्ष नाराज हुआ। नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब देश में नक्सलवाद जड़ों से समाप्त होने की दिशा में बढ़ रहा है, तब भी विपक्ष को नाराजगी है। नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं लेकिन विपक्ष इस उपलब्धि पर भी नाराज है।

दैनिक समाचार पत्र गरीब दर्शन में छपी खबर का असर

85 वर्षीय निरसी देवी की वृद्धावस्था पेंशन को लेकर प्रशासन हरकत में

राहुल गुप्ता/कौशल किशोर/गरीब दर्शन/हाजीपुर/गोरौल।

गोरौल प्रखंड क्षेत्र के पीरापुर गांव निवासी 85 वर्षीय निरसी देवी की वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने की खबर आपके लोकप्रिय समाचार पत्र गरीब दर्शन में प्रमुखता से प्रकाशित होते ही प्रशासन हरकत में आ गया है। खबर सामने आने के बाद संबंधित अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निरसी देवी की पेंशन से जुड़े मामले की जानकारी लेने और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बुजुर्ग निरसी देवी लंबे समय से वृद्धावस्था पेंशन की आस लगाए थीं। आर्थिक रूप से कमजोर और निःसंतान निरसी देवी के लिए सरकारी पेंशन ही बुढ़ापे का महत्वपूर्ण सहारा है। पेंशन नहीं मिलने की समस्या को लेकर प्रकाशित खबर ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। प्रशासन की पहल के बाद अब निरसी देवी और ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही उनकी पेंशन की समस्या का समाधान



85 साल की नीरसी देवी की आंखों में अब भी उम्मीद...

1,100 रूपये पेंशन के लिए दर-दर भटक रही बेबस बुजुर्ग!

गरीब दर्शन/हाजीपुर/गोरौल

उम्र 85 साल... पति का साया नहीं... संतान भी नहीं... और बुढ़ापे में सहारा बनी सरकारी पेंशन भी नसीब नहीं! यह कहानी है पीरापुर मथुरा पंचायत के बभनटोली, वार्ड संख्या-9 निवासी नीरसी देवी की।पति स्वर्गीय भजन बैठा सेवानिवृत्त फौजी थे। आज नीरसी देवी अकेलेपन और बेबसी के बीच सिर्फ 1,100 की वृद्धा पेंशन के लिए सरकारी दफ्तरों की चौखट नापने को मजबूर हैं।सबसे बड़ी विडंबना यह है कि सितंबर को के हाजीपुर संस्करण में उनकी पीड़ा कीज़ खबर छपी, उम्मीद जगी... लेकिन मदद अब तक नहीं पहुंची।उम्र के इस पड़ाव पर नीरसी देवी की तबीयत भी लगातार खराब हो रही है। जिस पेंशन को सरकार ने बुजुर्गों के लिए सहारे के रूप में शुरू किया है, वही सहारा उन्हें

कब मिलेगा—यह सवाल अब सिस्टम से पूछा जा रहा है। क्या 85 साल की एक निःसंतान बुजुर्ग महिला को 1,100 की पेंशन के लिए भी इतनी लंबी लड़ाई लड़नी पड़ेगी? कहीं ऐसा न हो कि सरकारी फाइलों में पेंशन की प्रक्रिया पूरी होने से पहले नीरसी देवी की जिंदगी की आखिरी उम्मीद ही खत्म हो जाए।स्थानीय लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मानवीय संवेदना दिखाते हुए तत्काल जांच कर नीरसी देवी को वृद्धा पेंशन का लाभ दिलाने की मांग की है।

होगा और उन्हें सरकारी योजना का लाभ मिल सकेगा।खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन की तत्परता को लेकर ग्रामीणों ने भी खुशी जताई और गरीब दर्शन समाचार पत्र की पहल की सराहना की।

संक्षिप्त समाचार

अमेरिका ने ईरान का जहाज डूबोया, कहा- समुद्र की तलहटी में अपनी नौसेना से जा मिला



वाशिंगटन/तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के बीच तनाव और बढ़ गया है। अमेरिका की केंद्रीय कमान ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में ईरान से जुड़े एक और तेल टैंकर पर हमला किया, जिसके बाद जहाज डूब गया। अमेरिकी पक्ष के अनुसार, यह कार्रवाई ईरान के पेट्रोलियम ढांचे के खिलाफ हाल के दशकों में की गई महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाइयों में से एक है। अमेरिकी केंद्रीय कमान के मुताबिक, एमटी काइलो नामक तेल टैंकर को ओमान की खाड़ी में निशाना बनाया गया। कोमोरोस का झंडा लगे इस जहाज को नॉक्सन के नाम से भी जाना जाता था। अमेरिकी कमान ने दावा किया कि अमेरिकी सैन्यकर्मियों की कार्रवाई के बाद जहाज समुद्र की तलहटी में पहुंच गया। इससे पहले अमेरिकी केंद्रीय कमान ने शनिवार को तीन ईरानी तेल टैंकरों पर हमला करने का दावा किया था। उसके अनुसार, एमटी डाउनी और एमटी स्टार्क-1 हमले में स्थायी रूप से निष्क्रिय हो गए, हालांकि दोनों जहाज पानी पर तैरते रहे। वहीं, एमटी काइलो डूब गया। अमेरिका की ओर से इन कार्रवाइयों को ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान का हिस्सा बताया गया है।

झारखंड के कैबिनेट मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का हार्ट अटैक से निधन



गिरिडीह/रांची। झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के वरिष्ठ नेता सुदिव्य कुमार सोनू का शनिवार देर रात अचानक निधन हो गया। वे गिरिडीह स्थित अपने आवास पर थे। रात में सोने के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें तुरंत गिरिडीह के निजी मर्सी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद सुबह करीब 4 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनके निधन पर राज्य सरकार ने दो दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की है। इलाज करने वाले डॉक्टर शहजाद शेख के अनुसार, मंत्री सुदिव्य सोनू को रात लगभग 2:15 बजे अस्पताल लाया गया था। उन्हें पिछले दो घंटे से सीने में तेज दर्द की शिकायत थी, अस्पताल पहुंचने पर उन्हें उल्टी हुई, जो उनके फेफड़ों में चली गई थी। डॉक्टरों ने तत्काल सांस की नली साफ कर ईसीजी किया, जिसमें स्पष्ट रूप से हार्ट अटैक के लक्षण दिखे। अत्यधिक कम बीपी और गिरती स्थिति के बीच डॉक्टरों ने उन्हें सीपीआर दिया, लेकिन 10 से 15 मिनट के भीतर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वे पहले से भी बीपी और शुगर की बीमारी से ग्रस्त थे। अस्पताल से पार्थिव शरीर उनके गिरिडीह स्थित आवास पर लाया गया है, जहां समर्थकों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सुदिव्य सोनू का पार्थिव शरीर विधानसभा नहीं लाया जाएगा; उनका अंतिम संस्कार आज ही गिरिडीह के उसरी नदी घाट स्थित हरसिंहरायडीह श्मशान घाट पर संपन्न होगा।

डॉ. विनय प्रकाश सिंह लगातार दूसरी बार एशियाई-प्रशांत डाक संघ के महासचिव निर्वाचित

नई दिल्ली। भारतीय डाक सेवा के 1988 बैच के अधिकारी डॉ. विनय प्रकाश सिंह को एशियाई-प्रशांत डाक संघ के महासचिव के रूप में लगातार दूसरी बार चार वर्ष के कार्यकाल के लिए निर्वाचित किया गया है। 4 सितंबर 2026 को बैंकॉक में आयोजित संघ के 14वें सम्मेलन में उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उनका दूसरा कार्यकाल जनवरी 2027 से शुरू होकर दिसंबर 2030 तक चलेगा। डॉ. सिंह का पुनर्निर्वाचन एशिया-प्रशांत क्षेत्र के डाक प्रशासनों के बीच उनके नेतृत्व के प्रति विश्वास और सर्वसम्मति को दर्शाता है। साथ ही, यह अंतरराष्ट्रीय डाक सहयोग में भारत के महत्वपूर्ण योगदान की भी मान्यता है। डॉ. सिंह का पुनर्निर्वाचन ऐसे समय में हुआ है, जब एशियाई-प्रशांत डाक संघ क्षेत्र में डाक सहयोग को मजबूत करने और डाक सेवाओं के विकास एवं आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बैंकॉक स्थित यह संघ 32 सदस्य देशों का अंतर-सरकारी संगठन है। यह संयुक्त राष्ट्र की डाक क्षेत्र की विशेष एजेंसी, सार्वभौमिक डाक संघ के क्षेत्रीय संघ के रूप में कार्य करता है। वर्ष 2022 में आयोजित 13वें एशियाई-प्रशांत डाक संघ सम्मेलन में पहली बार महासचिव चुने जाने के बाद डॉ. सिंह ने जनवरी 2023 में पदभार संभाला था। अपने पहले कार्यकाल के दौरान उन्होंने सदस्य देशों के डाक प्रशासनों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने तथा पूरे एशिया-प्रशांत क्षेत्र में डाक सेवाओं के विकास और आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरा कार्यकाल उन्हें क्षेत्रीय सहयोग को और मजबूत करने तथा डाक क्षेत्र से जुड़ी साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा। तीन दशकों से अधिक लंबे प्रशासनिक करियर में डॉ. विनय प्रकाश सिंह ने भारत सरकार के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। वे डाक सेवा बोर्ड के सदस्य, डाक विभाग में वरिष्ठ उप महानिदेशक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, उत्तर प्रदेश डाक परिमंडल के मुख्य डाक महाध्यक्ष तथा इंडिया पोस्ट मुख्यालय में मुख्य महाप्रबंधक जैसे पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

मेरे बाप के गिरेबान तक कोई हाथ पहुंचा है तो ये मेरी गलतीः स्मृति

एजेंसी। नई दिल्ली

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी हाल ही में एक पॉडकास्ट इंटरव्यू के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में बात करते हुए भावुक हो गईं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने पिता की उम्र का बताते हुए एक बड़ा और गहरा बयान दिया, उन्होंने कहा मेरी पिता के उम्र के हैं। मेरे बाप के गिरेबान तक अगर आपका हाथ पहुंचा है तो ये मेरी गलती है। यह बयान पीएम मोदी के प्रति उनके व्यक्तिगत सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस इंटरव्यू में उन्होंने कई मुद्दों पर खुलकर बात की, जिसमें पीएम मोदी के कार्यों की जमकर तारीफ की। स्मृति ईरानी ने प्रधानमंत्री मोदी की कार्यशैली



और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण का उदाहरण देते हुए सरदार सरोवर बांध परियोजना का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कैसे 1946 में सरदार पटेल ने एक बांध की कल्पना की थी, 1961 में नेहरू जी ने उसका शिलान्यास किया, लेकिन 1980 तक वह बन ही नहीं पाया। फिर 1995 में कोई सुप्रीम कोर्ट जाता है और काम पर रोक लगा दी जाती है। इसके बाद, 2006-07 के आसपास नरेंद्र मोदी को पता चलता है कि यह काम आगे बढ़ाना है। वे उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखना शुरू किया और सीमा पर जाकर वहां के बीएसएफ जवान से मिले, जिसने बताया कि कैसे पीने का पानी दूर से लाना पड़ता है और कुछ करने की गुहार लगाई। मोदी ने उन सभी बातों को नोट किया और तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पत्र लिखा कि बांध की ऊंचाई को 17 मीटर बढ़ाना है, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली। इसके बाद 2014 में जब वे प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने 17 दिन के भीतर ही बांध की ऊंचाई 17 मीटर बढ़ाने की अनुमति दे दी, जिससे चार करोड़ लोगों को पानी मिला। ईरानी ने इस उदाहरण के माध्यम से पीएम मोदी की दूरदर्शिता, दृढ़ता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को रेखांकित किया। संसद में बहस को लेकर भी ईरानी ने सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि पिछले संसद सत्र में गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट रूप से कहा था कि सरकार किसी भी मुद्दे पर बहस करने को तैयार है और वे रोजाना संसद जा रहे थे, जिसके पत्रकार भी गवाह हैं। जब उनसे पूछा गया कि वे सदन में क्यों नहीं गईं, तो उन्होंने जवाब दिया कि क्योंकि सदन चल ही नहीं रहा था। लोकसभा चुनाव में अमेठी से हारने के बाद दो सालों तक स्मृति ईरानी को कोई अहम जिम्मेदारी नहीं दी गई थी, जिससे उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं।

गिद्ध संरक्षण के लिए सुरक्षित क्षेत्रों के निर्माण पर जोर

पंचकुला। अंतरराष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस 2026 के अवसर पर रविवार को हरियाणा के पंचकुला में 'संकट से उबरना-भारत के गिद्धों का संरक्षण विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह तथा केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, हरियाणा वन एवं वन्यजीव विभाग, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी और पिंजोर स्थित जटायु संरक्षण प्रजनन केंद्र के सहयोग से किया गया। कार्यशाला में वरिष्ठ वन अधिकारी, वैज्ञानिक, पशु चिकित्सक, चिड़ियाघर विशेषज्ञ, संरक्षण कार्यकर्ता और अन्य संबंधित पक्षों ने भाग लिया।

गिद्ध प्रकृति की सफाई व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा : भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का पर्यावरण संरक्षण दृष्टिकोण समग्र पारिस्थितिकी तंत्र आधारित है। यह किसी एक प्रजाति तक सीमित नहीं है, बल्कि विभिन्न वन्यजीव प्रजातियों और उनके पर्यावासों के संरक्षण पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न प्रकार के निवासी और प्रवासी गिद्धों का महत्वपूर्ण आवास है।

अमेरिका की इजरायल को कड़ी नसीहत, कहा वेस्ट बैंक में करें फिलिस्तीनियों की सुरक्षा

वाशिंगटन। इजरायल और फिलिस्तीन के बीच जारी तनाव के मध्य अमेरिका ने इजरायल सरकार को कड़ी नसीहत दी है। इजरायल में अमेरिकी राजदूत माइक हकाबी ने साफ शब्दों में कहा है कि वेस्ट बैंक में रहने वाले फिलिस्तीनियों की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी इजरायल सरकार की है। उन्होंने हाल ही में यहूदी प्रवासियों द्वारा फिलिस्तीनी नागरिकों पर बढ़ाए गए हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इजरायल से दोषियों के खिलाफ गंभीर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। इजरायल और उसके यहूदी प्रवासियों के कट्टर समर्थक हकाबी ने शनिवार को खुद वेस्ट बैंक के तुरमुस अय्या कस्बे का दौरा किया। वहां वह फिलिस्तीनी-अमेरिकी नागरिक समीर हजमेह के घर पहुंचे, जिस पर यहूदी प्रवासियों ने बार-बार हमले किए हैं। हकाबी ने कहा कि वह समुदाय की जायज शिकायतों को सुनने और उनकी स्थिति का जायजा लेने यहां आए हैं।

वायुसेना की सारंग हेलीकॉप्टर टीम अल अलामीन इंटरनेशनल एयर शो के लिए मिस्र पहुंची

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम, अल अलामीन इंटरनेशनल एयर शो में हिस्सा लेने के लिए मिस्र पहुंच गई है। दुनिया की इकलौती पांच हेलीकॉप्टरों वाली भारत की यह सारंग टीम 08 से 10 सितंबर तक होने वाले एयर शो में कोरियोग्राफ की एक सीरीज के जरिए अपनी सटीकता, प्रोफेशनलिज्म और उड़ान स्किल्स दिखाएगी। यह भारतीय वायुसेना की अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों में एक और अहम मील का पत्थर है, जो भारत और इजिप्ट के बीच बढ़ते रक्षा और डिप्लोमैटिक संबंधों को दिखाता है।देश में डिजाइन और बनाए गए एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव को उड़ाते हुए सारंग टीम अपने मुश्किल फॉर्मेशन मैनूवर, पास-पास उड़ान और सिंक्रोनाइज्ड हवाई सीक्वेंस के लिए मशहूर है। यह डिस्प्ले न केवल इसके पायलटों के असाधारण कौशल और अनुशासन को दिखाता है बल्कि भारत के स्वदेशी एयरोस्पेस उद्योग की क्षमताओं को भी दिखाता है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार सारंग टीम अपना मशहूर 'डॉल्फिन लीप' मैनूवर दिखाएगी और स्पॉट स्टॉल टर्न नाम का एक नया युद्धाभ्यास भी पेश करेगी। इस इंटरनेशनल एयर शो में टीम के हिस्सा लेने से दुनिया भर के दर्शकों और एविएशन के शौकीनों को एएलएच ध्रुव की वर्सेटिलिटी और फुर्ती देखने का मौका मिलेगा। अल अलामीन इंटरनेशनल एयर शो दुनिया भर की बड़ी एयरफोर्स के साथ-साथ एयरोस्पेस, डिफेंस और स्पेस सेक्टर के प्रोफेशनल्स को एक साथ लाएगा।





संक्षिप्त समाचार

गोविंदपुर बेला में भैंस चोरी, एक सप्ताह में चोरी की तीसरी बड़ी घटना

गरीब दर्शन/हाजीपुर/पातेपुर

बलिगांव थाना क्षेत्र की गोविंदपुर बेला पंचायत में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। शनिवार की रात चोरों ने वार्ड संख्या छह निवासी शिवनाथ सिंह के पुत्र मुकेश कुमार सिंह उर्फ भीम सिंह की भैंस चोरी कर ली। पीड़ित के अनुसार चोरी गई भैंस की अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये है। बताया गया कि पांच सितंबर की रात मुकेश कुमार सिंह उर्फ भीम सिंह के घर के समीप बंधी भैंस को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। सुबह भैंस नहीं मिलने पर परिजनों ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार गोविंदपुर बेला पंचायत में पिछले एक सप्ताह के दौरान चोरी की यह तीसरी बड़ी घटना है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाने तथा चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। पीड़ित ने मामले की सूचना बलिगांव थाना पुलिस को देकर चोरी गई भैंस की बरामदगी और अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

चलती ट्रेन से मोबाइल छीनने के दौरान ट्रेन से गिरा युवक घायल

गरीब दर्शन/हाजीपुर

हाजीपुर-सोनपुर रेलखंड पर नगर थाना क्षेत्र के जौहरी बाजार के पास चलती ट्रेन से मोबाइल छीनने के दौरान एक युवक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान समस्तीपुर जिले के रसूलपुर बघरा गांव निवासी सहदेव साह के 18 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई है। वह रोजगार की तलाश में अपने चार साथियों के साथ बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से समस्तीपुर से नई दिल्ली जा रहा था। स्वजन के अनुसार सभी लोग जनरल कोच के दरवाजे के पास खड़े थे। जैसे ही ट्रेन जौहरी बाजार के पास पहुंची, पहले से घात लगाए बदमाशों ने दरवाजे पर खड़े शिवम का मोबाइल झपट लिया। छीनाझपटी के दौरान संतुलन बिगड़ने से शिवम चलती ट्रेन से रेलवे ट्रैक पर गिर गया। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में उसे गंभीर चोटें आईं। साथियों के शोर मचाने पर ट्रेन रुकने के बाद स्थानीय लोगों और रेल मदद से उसे ट्रैक के पास से उठाया गया। रेल प्रशासन ने तत्काल उसे हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां आपातकालीन वार्ड में उसका इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। सूचना पर स्वजन भी समस्तीपुर से हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंच गए हैं।

राजकीय शिक्षक सम्मान से नवाजी गयी साक्षी सरला

गरीब दर्शन/राजापाकर



प्रखंड क्षेत्र के बिलंदपुर गांव निवासी विक्रम कुमार की धर्मपत्नी एवं महनार प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय हसनपुर की प्रधान शिक्षिका साक्षी सरला को पटना के एसकेएम हॉल में आयोजित समारोह में राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मौजूदगी में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने उन्हें सम्मानित किया। समारोह में पूरे राज्य से चयनित 37 शिक्षकों को राजकीय शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया। साक्षी सरला के सम्मानित होने पर राजापाकर प्रखंड क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों एवं बुद्धिजीवियों ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। लोगों ने कहा कि क्षेत्र की बेटी-बहू का राज्य स्तर पर शिक्षक सम्मान प्राप्त करना राजापाकर के लिए गौरव की बात है। उनके सम्मान से क्षेत्र के अन्य शिक्षकों और विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।बधाई देने वालों में पैक्स अध्यक्ष मुकुल सिंह, प्रोफेसर मिथिलेश सिंह, शेरू सिंह, उज्जवल कांत सिंह, छोटू सिंह, तपन सिंह, सत्यप्रकाश सिंह एवं सुधीर सिंह सहित अन्य लोग शामिल हैं।

गोरौल में विधायक मंटु पटेल का भव्य स्वागत

गरीब दर्शन/हाजीपुर/गोरौल



अमनौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार उर्फ मंटु पटेल के गोरौल प्रखंड के छितरौली एवं कोरीगांव पहुंचते ही समर्थकों और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। उनके आगमन पर लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।इस दौरान जिला पार्षद मनोज ठाकुर ने विधायक कृष्ण कुमार मंटु पटेल को अंगवस्त्र एवं फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। स्वागत के दौरान समर्थकों और स्थानीय लोगों में काफी उत्साह नजर आया।मौके पर समाजसेवी चंद्रशेखर पटेल, बलवीर पटेल, प्रभंस सिंह, बालेश्वर ठाकुर, राजेश पासवान, अजय कुमार, सोनू कुमार, रामदयाल ठाकुर, मिथिलेश पासवान, रविन्द्र पासवान, वीरेन्द्र ठाकुर, संजीत पासवान, नितेश कुमार, प्रिंस कुमार, मुकेश ठाकुर एवं वीरचंद पासवान समेत बड़ी संख्या में लोग एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।विधायक मंटु पटेल ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों की जानकारी ली। लोगों ने भी सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं को उनके समक्ष रखा। विधायक ने लोगों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव पहल करने का भरोसा दिया।विधायक के गोरौल दौरे और कार्यकर्ताओं के उत्साहपूर्ण स्वागत से क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ती नजर आई। उनके आगमन को लेकर स्थानीय स्तर पर दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा।

सम्मानः विश्व फिजियोथैरेपी दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ. रंजन हुए सम्मानित

गरीब दर्शन/हाजीपुर



विश्व फिजियोथैरेपी दिवस (7 सितंबर) की पूर्व संध्या पर राजधानी पटना में फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में कार्यरत अग्रणी संस्था फिजियो हेल्पिंग हैंड के कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा वैष्णवी इमरजेंसी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. रंजन के फिजियोथेरेपी व समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया। डॉ. रंजन ने कहा कि फिजियोथेरेपी आज की चिकित्सा पद्धति की रीढ़ बन चुकी है। उन्होंने कहा, "बिना दवा और बिना ऑपरेशन के लोगों को नया जीवन देना फिजियोथेरेपी ही कर सकती है। कोरोना काल में और उसके बाद जिस तरह फिजियोथेरेपिस्ट ने लोगों को खड़ा किया है, वह अतुलनीय है। डॉ. रंजन को यह सम्मान पिछले कई वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगों, बुजुर्गों, लकवा, हड्डी, नस और जोड़ दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क शिविर लगाने और फिजियोथेरेपी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए दिया गया। डॉ. रंजन को अंगवस्त्र, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपने सम्मान पर डॉ. रंजन ने कहा, "यह सम्मान मेरा नहीं, बल्कि पूरी फिजियोथेरेपी बिरादरी का है। मंत्री जी और फिजियो हेल्पिंग हैंड परिवार का आभार। यह सम्मान मुझे और अधिक सेवा करने की प्रेरणा देगा।" डॉ. रंजन को सम्मान मिलने की खबर मिलते ही शहर के चिकित्सकों, आईएमए के सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध लोगों ने उन्हें बधाई दी। पूरे वैशाली जिले के चिकित्सकों ने डॉ. रंजन को फोन कर और सोशल मीडिया पर बधाई संदेश भेजकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों की प्रभारी सचिव रचना पाटिल ने की समीक्षा

गरीब दर्शन/हाजीपुर





- स्वच्छ भोजन-पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष जोर

वैशाली जिले में बाढ़ की स्थिति एवं जिला प्रशासन द्वारा संचालित राहत एवं बचाव कार्यों की प्रभारी सचिव वैशाली रचना पाटिल ने जिला अतिथिशाला में समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा), उप विकास आयुक्त सहित आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।समीक्षा के दौरान प्रभारी सचिव रचना पाटिल ने जिले में संचालित राहत एवं बचाव कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक सुविधाएं निर्बाध रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से सामुदायिक रसोई केंद्रों में साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता एवं हाइजीन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा।उन्होंने आवश्यकता के अनुसार नावों की संख्या बढ़ाने एवं सामुदायिक रसोई केंद्रों की संख्या में वृद्धि करने का निर्देश दिया। साथ ही बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए स्वच्छ पेयजल, पशुओं के लिए पर्याप्त चारा तथा मेडिकल टीम की उपलब्धता बेहतर तरीके से सुनिश्चित करने को कहा।प्रभारी सचिव ने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।समीक्षा बैठक के बाद प्रभारी सचिव श्रीमती रचना पाटिल एवं जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने संयुक्त रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संचालित राहत व्यवस्थाओं का स्थल निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने गंगा ब्रिज स्थित सामुदायिक रसोई केंद्र एवं स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

प्रभारी सचिव एवं जिला पदाधिकारी ने राहत शिविर में रह रहे बाढ़ पीड़ितों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना तथा भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राहत शिविरों में रह रहे प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो तथा आवश्यक सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएं।दोनों अधिकारियों ने सामुदायिक रसोई केंद्र में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं हाइजीन व्यवस्था का भी जायजा लिया और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।इसके पश्चात प्रभारी सचिव एवं जिला पदाधिकारी ने राघोपुर प्रखंड के सामुदायिक रसोई केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां संचालित राहत व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा बाढ़ प्रभावित लोगों की जरूरतों के अनुरूप राहत कार्यों को और प्रभावी बनाने को कहा।

जदयू छोड़ राजद शामिल होने पर पार्टी वर्करों ने दी बधाई



गरीब दर्शन/हाजीपुर/राजापाकर

वैशाली जिला निवासी ई आलोक चंद्र गौतम एवं डॉ केसी कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हुए हैं। इंजीनियर श्री गौतम एवं चर्चित चिकित्सक डॉ केसी कुमार ने पटना स्थित राजद के प्रदेश कार्यालय में जाकर राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव एवं प्रदेश महासचिव रणविजय साहू के हाथों पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। विधिवत पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से मिलकर आशीर्वाद लिया है। दोनों नेताओं के राजद में शामिल होने पर लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वालों में राजद प्रदेश महासचिव एवं पूर्व मुखिया नागेंद्र प्रसाद सिंह, युवा राजद जिलाध्यक्ष संजय पटेल, संजीव यादव, वरीय राजद नेता सत्येंद्र राय, जिला पार्षद मोहित पासवान, राजद के अनुमंडल अध्यक्ष पंकज यादव, युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुशवाहा, विजय राय, अरूण कुमार शाधु, नवीन कुमार पटेल, मुकेश पटेल, सुनील सिंह समेत दर्जनों लोग शामिल हैं।

राजापाकर में नशामुक्त समाज निर्माण को लेकर बुद्धिजीवियों की बैठक आयोजित

गरीब दर्शन/हाजीपुर/राजापाकर



राजापाकर दक्षिणी पंचायत के वार्ड नंबर एक स्थित उत्तर टोला यदुवंशी चौक लक्ष्मी स्थान परिसर में नशामुक्त समाज के निर्माण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों तथा जय गुरुदेव मिशन से जुड़े लोगों ने भाग लिया।इस दौरान नशे के बढ़ते प्रभाव और इससे परिवार एवं समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता जय गुरुदेव संगठन के प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति को प्रभावित करने के साथ-साथ पूरे परिवार की खुशियां छीन लेता है. नशे की लत के कारण कई परिवारों में विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है. तथा युवा वर्ग भी अपने भविष्य से भटक सकता है. इसलिए समाज के प्रत्येक वर्ग को मिलकर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है. बैठक में अगले रविवार को दक्षिणी पंचायत के ढेलफोरवा चौक पर बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

जय गुरुदेव मिशन से जुड़े लोगों ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने तथा अन्य लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि स्वस्थ और संस्कारवान समाज के निर्माण के लिए युवाओं को नशामुक्त वातावरण देना आवश्यक है।इसके लिए गांव-गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और लोगों को नशे की बुराइयों से अवगत कराने पर जोर दिया गया।बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने कहा कि नशामुक्त समाज बनाने के लिए केवल प्रशासन या किसी एक संगठन के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं।इसमें ग्रामीणों, अभिभावकों, युवाओं और सामाजिक संगठनों की सामूहिक भागीदारी जरूरी है। लोगों ने अपने आसपास नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने तथा जरूरतमंद लोगों को नशे की लत से बाहर आने में सहयोग करने का संकल्प लिया।बैठक का उद्देश्य सामाजिक एकजुटता के माध्यम से नशे के खिलाफ मजबूत वातावरण तैयार करना और आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य प्रदान करना बताया गया। बैठक में समाजसेवी महेश सिह, जय गुरुदेव मिशन के जिला अध्यक्ष सदानंद सिह ,प्रेम कुमार यादव तपसी प्रसाद सिंह, रामदास सिंह, हरिहर प्रसाद सिंह सुनील कुमार सिंह अनिल कुमार, राजेश कुमार, पंकज कुमार यादव, लाल बहादुर सिंह, रामसेवक सिंह, वीरचंद्र सिंह, रामनाथ सिंह, देवेंद्र प्रसाद सिंह, राम बहादुर प्रसाद सिंह, पंकज कुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

छात्रों में नैतिक मूल्यों का सिंचन करना शिक्षक का कर्तव्य : सुजीत चौधरी

धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से छात्रों ने जीता दिल।

गरीब दर्शन/हाजीपुर



प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय शाहबाजपुर पटवा में आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद् और दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शिक्षक दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में शिक्षकगण एवं छात्रों द्वारा केक काटा गया एवं गुरुओं के सम्मान में कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने स्वागत गीत गाकर शिक्षकों का अभिनंदन किया। इसके बाद छात्रों ने मनमोहक नृत्य, लघु नाटक और भाषण के माध्यम से समाज के निर्माण में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया। कुछ वरिष्ठ छात्रों ने आज के दिन प्रतीकात्मक रूप से शिक्षक बनकर कक्षाओं का संचालन भी किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुजीत कुमार चौधरी ने कहा, "शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है। वह न केवल किताबी ज्ञान देता है, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों का सिंचन कर उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाता है।" इसके साथ ही प्रधानाचार्य संजय कुमार ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके समर्पण भाव की सराहना की और छात्रों को अपने गुरुओं का सदैव सम्मान करने की सीख दी। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी उत्कृष्ट शिक्षकों को स्मृति चिह्न और उपहार देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। छात्रों को भी प्रशस्ति पत्र देकर हौसला अफजाई किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर शिक्षकगणों में दिलीप कुमार, नीलम कुमारी, संगीता कुमारी, प्रभा रानी एवं छात्रों में सलोनी, सिमरन, अमृता, श्रेया, कोमल, राधिका, अर्चना महालक्ष्मी, आरोही,राज एवं रवि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

पत्रकार रामा कुमार रावत के पैतृक आवास पहुंचे समाजसेवी डॉ. एलबी सिंह, शोकाकुल परिजनों को दी सांत्वना

गरीब दर्शन/लालगंज/पटेढ़ी बेलसर



वैशाली जिले के वैशाली प्रखंड अंतर्गत मझौली गांव निवासी दैनिक समाचार पत्र गरीब दर्शन के पत्रकार रामा कुमार रावत के पिता के निधन के बाद उनके पैतृक आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में रविवार को समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ. एलबी सिंह पत्रकार रामा कुमार रावत के पैतृक आवास मझौली पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।ज्ञात हो की पत्रकार रामा कुमार रावत के पिता का निधन 27 अगस्त को हो गया था। उनके निधन की जानकारी मिलने के बाद डॉ. एलबी सिंह परिवार से मिलने और दुख की इस घड़ी में उनका हौसला बढ़ाने के लिए मझौली पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों से बातचीत कर उनकी पीड़ा सुनी तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।।इस दौरान डॉ. एलबी सिंह ने कहा कि माता-पिता को खोने का दर्द शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। ऐसे कठिन समय में परिवार के साथ खड़ा रहना ही सच्ची संवेदना है। उन्होंने पत्रकार रामा कुमार रावत सहित पूरे परिवार को भरोसा दिलाते हुए कहा कि "आप खुद को अकेला न समझें, हम हर संभव परिस्थिति में आपके साथ हैं।"डॉ. एलबी सिंह ने परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर रवि कुमार रावत, नंदलाल रावत, शंकर रावत, मनोज रावत, आदित्य रावत, राजा रावत सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।डॉ. एलबी सिंह के इस आत्मीय व्यवहार और संवेदना से शोकाकुल परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया। परिवार ने कहा कि दुख की घड़ी में अपनों और शुभचिंतकों का साथ मनोबल बढ़ाता है।

समाजवादी विचारधारा के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में वैशाली के लाल रूपक का संबोधन

गरीब दर्शन/हाजीपुर



द सोशलिस्ट के बैनर तले पटना गाँधी मैदान के निकट आई एम ए हॉल में समाजवादी विचारधारा के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन हुआ।जिसमें वैशाली के लाल शोधार्थी, लेखक, चिंतक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रूपक कुमार ने मुद्दे आधारित राजनीति और जाति पहचान की भावनात्मक राजनीति पर विस्तृत रूप से अपनी बात रखी। हाजीपुर के महेश कुमार, जीतेंद्र नाथ ने शिक्षा संबंधित मुद्दे पर अपनी- अपनी बात रखी। शिक्षक नेता अमित विक्रम ने वर्तमान शिक्षा पद्धति पर विस्तृत रूप से अपनी बात रखी ।वहीं वर्तमान बिहार की राजनीतिक स्थिति और समाजवाद का भविष्य विषय पर परमवीर सिंह ने चर्चा किए वहीं डॉ. नूर हसन आजाद ने अति पिछड़ा मुस्लिम समाज विषय पर अपनी बात रखी साथ ही अन्नू कुमारी राजनीति में महिलाओं की चुनौती विषय पर अपनी बात रखी।राजेश कुमार सिंह जमीन अधिग्रहण, सरकार की नीति विषय पर अपनी बात रखी।कार्यक्रम में राकेश कुमार दांगी, रंजन यादव, राजीव सिंह जादौन और परमवीर सिंह की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में बक्सर सांसद के भाई अजीत सिंह, सुभाष दांगी, डॉ रूपक कुमार सिंह, अमीत विक्रम, प्रदीप सिंह, अनूप पटेल, सत्यप्रकाश सिंह, ओजस्वी किसन, पप्पू जयसवाल सहित दर्जनो वक्ता ने अपनी बात रखी।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 'खुलते पंख' पत्रिका का डीएम ने किया लोकार्पण

गरीब दर्शन/हाजीपुर



रचनात्मक सोच से ही बच्चों की प्रतिभा का बहुमुखी विकास संभव है। बच्चों को शब्द-ज्ञान के साथ-साथ उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को तराशने की आवश्यकता है। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की अध्यक्ष सह जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने स्कूल कैंपस में आयोजित कार्यक्रम में ये बाते कहीं। वे वफापुर शर्मा स्थित भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में बच्चों द्वारा लिखित एवं संग्रहित पत्रिका 'खुलते पंख' का विमोचन कर रही थीं। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र कुमार ने अध्यक्ष डीएम वर्षा सिंह को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। स्नातकोत्तर हिन्दी शिक्षक अमरेन्द्र कुमार के कुशल संपादन में 'खुलते पंख' पत्रिका प्रकाशित हुई है।

यह एक पठनीय एवं संग्रहणीय पत्रिका है जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की मौलिक रचनाएं संकलित हैं। पत्रिका में कविता, कहानी, चुटकुले, निबंध, संतवाणी सहित विभिन्न विधाओं का सुंदर संकलन किया गया है। शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन पत्रिका में बखूबी हुआ है।इस अवसर पर प्राचार्य जितेन्द्र कुमार ने बच्चों की प्रतिभा और पत्रिका की सराहना करते हुए कहा कि इसमें साहित्य, शिक्षा, संस्कार और बच्चों के सपनों को उड़ान देने की क्षमता का प्रदर्शन देखते बनता है। यह पत्रिका बच्चों को अपनी बात कहने का मंच प्रदान करती है। लोकार्पण समारोह में उप-प्राचार्य नीलिमा वर्मा, स्नातकोत्तर शिक्षिका डॉ. कामना, पीजीटी अंग्रेजी राजेश कुमार, सुनीता सिंह, पीजीटी रंजन श्रीवास्तव, एमएम पाठक, राजेश प्रसाद, अंशु कुमारी, निर्मल कुमार निर्भय, पुस्तकालयाध्यक्ष अमित कुमार, टीजीटी आशुतोष कुमार, मो. सरफराज आलम, प्रसिद्ध योगगुरु डॉ. महेन्द्र प्रियदर्शी, कलामुद्दीन अंसारी, माधुरी सिन्हा, कीर्ति पटेल, कमलेश सिंह सहित छात्र ऋषभ राज, सुमन कुमार, आयुष, नयन, रामरतन, प्रशान्त के अलावा सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर 7 से 11 सितंबर तक होगा ट्रैफिक चालानों का पूर्व पंजीकरण

गरीब दर्शन / मोतिहारी

आगामी 12 सितंबर 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन निर्धारित है। इस अवसर पर परिवहन विभाग द्वारा एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना 2026 के तहत 90 दिनों से अधिक अवधि से लंबित ट्रैफिक चालानों का निष्पादन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान बड़ी संख्या में वाहन मालिकों के चालान निपटाने के लिए पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिला परिवहन कार्यालय ने भीड़ एवं वाहन स्वामियों की सुविधा के लिए 7 सितंबर से 11 सितंबर 2026 तक Pre-registration (पूर्व पंजीकरण) की व्यवस्था की है। जिला परिवहन पदाधिकारी, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी ने बताया कि जिन वाहन स्वामियों का ट्रैफिक चालान 90 दिनों से अधिक समय से लंबित है, वे निर्धारित अवधि के दौरान जिला परिवहन कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पूर्व पंजीकरण करा सकते हैं। विभाग ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे समय रहते पूर्व पंजीकरण करा लें, ताकि 12 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान चालान के निपटारे में उन्हें सुविधा मिल सके और अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके।

शराब कारोबारी को पकड़कर छोड़ने के मामले में पहाड़पुर थानाध्यक्ष निलंबित

गरीब दर्शन / मोतिहारी

पूर्वी चंपारण के पहाड़पुर थाना में पुलिस अभिरक्षा में लिए गए व्यक्तियों को कथित रूप से बिना समुचित सत्यापन एवं वरीय पदाधिकारी को सूचना दिए छोड़ने के मामले में पुलिस अधीक्षक ने पहाड़पुर थानाध्यक्ष पु०अ०नि०/412 अजय कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जांच में थानाध्यक्ष का आचरण संदिग्ध पाए जाने तथा कर्तव्य में लापरवाही के आरोपों की पुष्टि होने के बाद यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, 2/3 सितंबर 2026 को पहाड़पुर थाना में कुछ व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया था। आरोप है कि इन व्यक्तियों को बिना समुचित सत्यापन तथा वरीय पदाधिकारी को सूचित किए छोड़ दिया गया। मामले की शिकायत के बाद पर्यवेक्षी पदाधिकारी द्वारा जांच कर प्रतिवेदन सौंपा गया। जांच में पाया गया कि पुलिस अभिरक्षा में लिए गए व्यक्ति छोटन यादव का पूर्व में शराब एवं अन्य मामलों में आपराधिक इतिहास रहा है। ऐसे में गिरफ्तार व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच-पड़ताल आवश्यक थी, लेकिन थानाध्यक्ष द्वारा समुचित जांच नहीं की गई। जांच में यह भी सामने आया कि घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को नहीं दी गई तथा पुलिस अभिरक्षा में लिए गए व्यक्तियों एवं वाहनों को छोड़ने के संबंध में स्टेशन डायरी में कोई प्रविष्टि नहीं की गई। पुलिस के अनुसार छोटन यादव के विरुद्ध पहाड़पुर थाना में उत्पाद अधिनियम से संबंधित तीन मामले दर्ज हैं, जिनमे पहाड़पुर थाना कांड संख्या 376/22, पहाड़पुर थाना कांड संख्या 157/23, पहाड़पुर थाना कांड संख्या 451/24, शामिल है। पुलिस सूत्रों बताया गया है कि उक्त मामले को लेकर पहाड़पुर थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन निर्धारित समय तक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं हुआ। इन परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने अजय कुमार को कर्तव्य के प्रति लापरवाही, अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता, वरीय पदाधिकारी के आदेशों की अवहेलना एवं संदिग्ध आचरण के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। बताया गया है कि शराब कारोबारी को पकड़कर पैसे लेकर छोड़ने की शिकायत के बाद जांच कराई गई थी। जांच में पकड़कर छोड़ने की बात सामने आने, स्टेशन डायरी में प्रविष्टि नहीं होने और वरीय अधिकारियों को सूचना नहीं दिए जाने को गंभीरता से लिया गया। पुलिस के अनुसार, संबंधित शराब कारोबारी के विरुद्ध थानाध्यक्ष के कार्यकाल में प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने के पहलू को भी गंभीरता से देखा गया है।

विभिन्न कांडों में संलिप्त 10 अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस की कार्रवाई जारी

गरीब दर्शन/मोतिहारी



जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत मोतिहारी पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए अलग-अलग कांडों में संलिप्त कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद सभी के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार तुरकौलिया थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इनमें TR संख्या-307/26 के 3 अभियुक्त, TR संख्या-1504/23 का 1 अभियुक्त तथा TR संख्या-1198/24 का 1 अभियुक्त शामिल है। वहीं, हरसिद्धि थाना क्षेत्र में कांड संख्या-411/26 (उत्पाद कांड) के एक अभियुक्त तथा TR संख्या-72/26 के एक अभियुक्त समेत कुल 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इधर, डुमरियाघाट थाना पुलिस ने कांड संख्या-270/26 (हत्या के प्रयास) में कार्रवाई करते हुए 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।इस प्रकार तुरकौलिया, हरसिद्धि और डुमरियाघाट थाना क्षेत्रों में पुलिस की कार्रवाई के दौरान विभिन्न मामलों में वांछित एवं संलिप्त कुल 10 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई। पुलिस द्वारा सभी मामलों में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

ब्रह्मर्षि सेना : सम्मान समारोह के साथ मनाया स्थापना दिवस समारोह

♦ शांति नगर डुमरा सीतामढ़ी में शत्रुघ्न चौधरी के कैंपस में आयोजित किया गया कार्यक्रम

गरीब दर्शन / सीतामढ़ी



ब्रह्मर्षि सेना के कार्यकारी अध्यक्ष गौतम कश्यप की अध्यक्षता स्थापना दिवस समारोह सह सम्मान समारोह में शांतिनगर लेन संख्या एक बुलेट सर्विस सेंटर शांति नगर डुमरा सीतामढ़ी में शत्रुघ्न चौधरी के कैंपस में आयोजित किया गया। स्वागत भाषण विषय प्रवेश कार्यकारी अध्यक्ष गौतम कश्यप ने किया। वार्षिक कार्य प्रतिवेदन सचिव आग्नेय कुमार ने प्रस्तुत किया। आय - व्यय वार्षिक प्रतिवेदन सह कोषाध्यक्ष बाल कृष्ण ने प्रस्तुत किया। आगामी योजना से परिचय कराते हुए संगठन सचिव आग्नेय कुमार ने ब्रह्मर्षि छात्रावास निर्माण, लगमा परशुराम मंदिर निर्माण, शांतिनगर चौक पर दिनकर द्वार निर्माण का प्रस्ताव पारित किया जिसमें सबका समर्थन मिला। चार सामाजिक सफलता का सम्मान ट्रस्ट द्वारा किया गया। दिलीप शाही के पुत्र एसडीएम बने उनका सम्मान उद्योग जगत के लिए राम निवास मिश्रा का सम्मान किया गया। नए अध्यक्ष बाल कृष्ण की घोषणा वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष गौतम कश्यप द्वारा किया गया एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। नए अध्यक्ष द्वारा निवर्तमान अध्यक्ष का स्वागत किया गया। अध्यक्षीय संबोधन गौतम कश्यप ने किया और कहा छात्रावास निर्माण परशुराम मंदिर निर्माण शांतिनगर चौक पर दिनकर द्वार निर्माण का प्रस्ताव का स्वागत किए। स्वर्गीय राम मनोहर शर्मा पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक संजय सिंह पुनौरा धाम की आकस्मिक स्वर्गवास पर दो मिनट मौन व्रत रखा गया। जन गण मन से कार्यक्रम समापन किया गया। सभी अतिथियों को भगवान परशुराम का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। मौके पर संयोजक चंदन सिंह, महिला संयोजक महालक्ष्मी चौधरी, पूर्व लोक अभियोजक विमल शुक्ला, डॉ रश्मि गौतम, गुरुदेव प्रसाद सिंह, अशोक सिंह, डॉ विमोहन कुमार, दिलीप शाही, राजेश वात्स्यायन, कुंदन कुमार, धीरज कौशिक, बुलेट चौधरी, राम बाबू सिंह, राम बाबू चौधरी, रजनीश बुल्लु, ऋषभ शाही, राहुल मिश्रा, राहुल सिंह, डॉ अभिषेक शर्मा, डॉ कृति शर्मा, विनोद सिंह, रणधीर पांडेय, शिवम कुमार, अंशुल प्रकाश, मदन सिंह, मंटू सिंह, शत्रुघ्न चौधरी, राधे श्याम सिंह, राकेश शर्मा, आदित्य सिंह, राजा कुमार, धीरज सिंह, कन्हाई सिंह, सुधीर सिंह, राजीव सिंह, समीर सिंह समेत दो सौ से ज्यादा अभिभावक समाज सेवी आकर अपनी बात रखे।

5000 की आबादी ने ली राहत की सांस, जर्जर सड़क का शुरू हुआ निर्माण

गरीब दर्शन / अरेराज

अनुमंडल क्षेत्र की मुड़ा पंचायत के भेलानारी गांव में वर्षों से बदहाल सड़क की समस्या से जूझ रहे करीब पांच हजार से अधिक ग्रामीणों ने अब राहत की सांस ली है। गांव में लगभग 1900 मतदाता हैं और घनी आबादी के बीच से गुजरने वाली मुख्य सड़क लंबे समय से जर्जर स्थिति में थी। बारिश के दिनों में इस रास्ते से पैदल चलना भी ग्रामीणों के लिए चुनौती बन जाता था। भेलानारी गांव के बीच से गुजरने वाला यह रास्ता संजय मिश्रा के घर के समीप से होते हुए पशुपति चौक और आगे जितवारपुर, सरेया, सिरनी, मलाही सहित कई बड़े कस्बों को जोड़ता है। सड़क की बदहाली के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। विशेषकर बारिश के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी।

बताया जाता है कि हाल ही में कांग्रेस नेता पप्पू मिश्रा के पिता के निधन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ई. शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय भेलानारी पहुंचे थे। उनके साथ जिला परिषद सदस्य ईश्वर चंद्र मिश्रा उर्फ पप्पू रंजन मिश्रा भी मौजूद थे। उस दौरान



हल्की बारिश के कारण सड़क की बदहाल स्थिति का दोनों नेताओं को प्रत्यक्ष अनुभव हुआ। वाहन को गांव में कुछ दूरी पर ही खड़ा करना पड़ा और पैदल आने-जाने के दौरान कपड़े तक मिट्टी से सन गए। ग्रामीणों के अनुसार, इसी दौरान सड़क की समस्या को लेकर दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई थी। इसके बाद 5 सितंबर 2026 को अचानक सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया। ट्रैक्टर-टेलर से राबिस, सीमेंट, बालू और गिट्टी गिराकर सड़क को दुरुस्त करने का काम शुरू किया गया। निर्माण कार्य शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीण संजय मिश्रा, पप्पू मिश्रा एवं रंजीत सिंह ने कहा कि बारिश के दिनों में गांव के लोगों की चिंता बढ़ जाती थी। आसमान में काले बादल देखते ही कलेजा कांपने लगता था कि यदि किसी की तबीयत खराब हो गई तो मरीज को खटिया पर चार लोगों के सहारे जर्जर रास्ते से बाहर ले जाना पड़ेगा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ई. शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय ने कहा कि "गांव की गली-गली की सड़क जब तक दुरुस्त नहीं करा दूंगा, तब तक चैन की सांस नहीं लूंगा।" सड़क निर्माण शुरू होने पर ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य ई. पप्पू रंजन मिश्रा सहित सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण से हजारों लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। लोगों ने इस पहल के लिए दोनों नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए ऐसी पहल लगातार होती रहनी चाहिए। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि गांव की अन्य जर्जर सड़कों की भी शीघ्र मरम्मत कराई जाएगी।

मधुबन में पुलिस पर हमला मामले में 11 गिरफ्तार

शराब समेत सात बाइक व ट्रैक्टर बरामद

गरीब दर्शन / मोतिहारी



थाना क्षेत्र के लाही गांव में पुलिस टीम पर हमला एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 7.875 लीटर अंग्रेजी शराब, सात मोटरसाइकिल एवं एक ट्रैक्टर भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, संध्या गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर गश्ती पदाधिकारी पु०अ०नि० ब्रजभूषण सिंह सशस्त्र बल के साथ लाही गांव में छापेमारी करने पहुंचे थे। इस दौरान 7.875 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ अजय सहनी, पिता राजमंगल सहनी को गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में स्थानीय ग्रामीणों ने कथित रूप से अवैध मजमा बनाकर पुलिस बल के साथ धक्का-मुक्की की और गिरफ्तार अभियुक्त को छुड़ा लिया। इस दौरान पुलिस टीम पर हमला करने के साथ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। घटना के संबंध में मधुबन थाना कांड संख्या 305/26 दर्ज किया गया। इसके बाद मधुबन पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की और 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में राजमंगल सहनी, संतोष सहनी, खेना सहनी, पप्पू सहनी, शिवम कुमार, अजय सहनी सभी लाही गांव, थाना मधुबन के निवासी हैं। इनके अलावा राजकपूर कुमार, निवासी मीनापुर मल्हा, थाना पिपराही, जिला शिवहर तथा कृष्णा कुमार, निवासी मीनापुर, जिला मुजफ्फरपुर शामिल हैं। वहीं तीन महिला अभियुक्तों की भी गिरफ्तारी की गई है। छापेमारी दल में मधुबन थानाध्यक्ष पु०अ०नि० प्रवीण कुमार पाण्डेय, पु०अ०नि० ओमप्रकाश कुमार राम, पु०अ०नि० ब्रजभूषण सिंह, पु०अ०नि० दिनेश कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

864 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार





गरीब दर्शन / मोतिहारी

मधुबन थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 864 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब लदे एक महेन्द्रा पिकअप वाहन को जब्त करते हुए मौके से दो कथित शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 6 सितंबर 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम मचहां स्थित सड़क से शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर मधुबन थाना पुलिस ने विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए एक महेन्द्रा पिकअप वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन पर लदे 100 कार्टून में कुल 864 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई।

मौके से गिरफ्तार आरोपितों की पहचान निशांत कुमार सिंह उर्फ पिन्टू सिंह, पिता युगल किशोर सिंह, निवासी कौड़िया तथा जितेश कुमार सिंह, पिता स्वर्गीय रामेश्वर सिंह, निवासी मिरयासी, थाना मधुबन, जिला पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब परिवहन में प्रयुक्त महेन्द्रा पिकअप (रजिस्ट्रेशन संख्या BR05JB1913) को भी जब्त किया है। मामले में मधुबन थाना कांड संख्या 306/26 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार निशांत कुमार सिंह उर्फ पिन्टू सिंह का पूर्व में भी मधुबन थाना कांड संख्या 279/26, उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज है।छापेमारी दल में मधुबन थानाध्यक्ष पु०अ०नि० प्रवीण कुमार पाण्डेय, पु०अ०नि० गिरीन्द्र कुमार सिंह, स०अ०नि० कन्हैया लाल सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

'वैचारिक क्रांति से आएगा बदलाव, कलयुग को हटाकर सतयुग लाना लक्ष्य' : बाबा उमाकान्त जी महाराज

गरीब दर्शन/एत्मादपुर(आगरा)



परम् पूज्य संत बाबा उमाकान्त जी महाराज ने सत्संग के दौरान कहा कि संसार परिवर्तनशील है और यहां प्रकृति के नियमों के अनुसार निरंतर बदलाव होता रहता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य भी परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को बदलता है और समाज में परिवर्तन लाने की क्षमता भी मनुष्य के भीतर ही है। उन्होंने कहा कि मौसम, दिन-रात और प्रकृति में होने वाले बदलाव अपने निर्धारित नियमों के अनुसार होते हैं। इसी प्रकार समय के साथ मनुष्य के खान-पान, पहनावे, विचार और भावनाओं में भी परिवर्तन आता रहता है। मनुष्य ही समाज को बिगाड़ता है और मनुष्य ही उसे सुधारने का कार्य करता है। बाबा उमाकान्त जी महाराज ने कहा कि जब धरती पर धर्म का ह्रास होने लगता है और लोग परमार्थ से दूर होकर गलत कर्मों की ओर बढ़ने लगते हैं, तब संत और महात्मा समाज में मार्गदर्शन के लिए आते हैं। संत और उनके अनुयायी जब मिलकर सकारात्मक बदलाव का प्रयास करते हैं तो उसका प्रभाव व्यापक होता है।

सत्संग में उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं की ओर संकेत करते हुए कहा कि बारिश और प्रतिकूल मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में लोग कई दिनों से वहां डटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें लग रहा है कि एक ऐसी 'फौज' तैयार हो रही है, जो पारंपरिक हथियारों से नहीं, बल्कि विचारों और तपोबल के माध्यम से वैचारिक क्रांति लाने का कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि यह लड़ाई कलयुग से है। उनके अनुसार कलयुग को हटाकर सतयुग की स्थापना करना आसान कार्य नहीं है, लेकिन महापुरुषों का संकल्प पूरा होकर रहता है। उन्होंने अपने गुरु महाराज के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि कलयुग में ही कलयुग को विदा कर सतयुग लाने का लक्ष्य रखा गया है। बाबा उमाकान्त जी महाराज ने श्रद्धालुओं से सकारात्मक विचारों, तप और परमार्थ के मार्ग पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि जब संत और उनके प्रेमी एकजुट होकर परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो बड़ा बदलाव संभव हो जाता है।

पांच गैर जमानती वारंटियों को किया गिरफ्तार



गरीब दर्शन / तुरकौलिया

थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे पांच गैर जमानती वारंटियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सभी आरोपितों को रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में जयसिंहपुर बेलघटी निवासी स्वर्गीय जहारुद्दीन के पुत्र सलाउद्दीन एवं मैनुद्दीन, स्वर्गीय जमील अख्तर के पुत्र इंतजार उल हक, भेला छपरा निवासी सुरेश बैठा के पुत्र पंकज कुमार तथा सेमरा भोला टोला निवासी स्वर्गीय शिवशंकर महतो के पुत्र विजय महतो शामिल हैं।

थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था और वे लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

हरसिद्धि बाजार से तीन नाबालिग बच्चियां लापता, पुलिस ने जारी की अपील



सुरभि कुमारी



खुशी कुमारी



प्रतिमा कुमारी

गरीब दर्शन/ मोतिहारी

थाना क्षेत्र के मठलोहियार छतवनिया गांव की तीन नाबालिग बच्चियां शनिवार सुबह करीब 11 बजे हरसिद्धि बाजार से लापता हो गईं। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। लापता बच्चियों में सुरभि कुमारी (15 वर्ष), पिता–उपेंद्र प्रसाद; प्रतिमा कुमारी (14 वर्ष), पिता–जंगबहादुर यादव; तथा खुशी कुमारी (12 वर्ष), पिता–जयप्रकाश सिंह शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार प्रतिमा कुमारी के बाल छोटे हैं, जबकि सुरभि कुमारी के गाल धंसे हुए हैं। पुलिस अधीक्षक, मोतिहारी ने आमजन से अपील की है कि बच्चियों के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर तत्काल निकटतम थाना, पुलिस अधीक्षक मोतिहारी के मोबाइल 9031827100 अथवा हरसिद्धि थानाध्यक्ष के मोबाइल 9031827074 पर सूचना दें।

सांसद राधा मोहन सिंह ने युवा कृषि उद्यमी सुंदरम विशाल को किया सम्मानित

गरीब दर्शन/मोतिहारी



बापूधाम महोत्सव के दौरान मोतिहारी स्थित प्रेक्षागृह में युवा कृषि उद्यमी सुंदरम विशाल को मत्स्य पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। भारत सरकार के मात्स्यिकी विभाग के अंतर्गत चकिया अनुमंडल के माधोपुर गोविंद गांव में बायोफ्लॉक यूनिट के सफल कार्यान्वयन के उपलक्ष्य में सांसद राधा मोहन सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष मीनेश शाह, बिहार के डेयरी, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक तथा पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरव सुमन यादव ने संयुक्त रूप से सुंदरम विशाल को 2 लाख 40 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने तकनीकी एवं सुशिक्षित युवा कृषि उद्यमी के प्रयास की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

सुंदरम विशाल ने कहा कि आधुनिक कृषि, डेयरी फार्मिंग, मत्स्य पालन एवं पशुपालन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देना उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि युवाओं को इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़कर रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की योजना है। इसके लिए जल्द ही संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों से मिलकर जिला स्तरीय क्लस्टर के गठन की दिशा में पहल की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान युवा कृषि उद्यमिता और आधुनिक तकनीक के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया गया।

शी जिनपिंग की यात्रा से संभावनाएं

वीपी राहुल


भारत में 12 और 13 सितंबर को होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को लेकर वैश्विक कूटनीतिक हलकों की निगाहें टिकी हुई हैं। इस सम्मेलन की सबसे बड़ी संभावित विशेषता चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भारत यात्रा हो सकती है। यदि शी जिनपिंग नई दिल्ली आते हैं तो यह 2019 के बाद उनका पहला भारत दौरा होगा। ऐसे समय में उनका भारत आना केवल ब्रिक्स की औपचारिक बैठक तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भारत-चीन संबंधों में पिछले कुछ वर्षों से जारी तनाव के बाद रिश्तों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाएगा।

शी जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2019 में भारत का दौरा किया था। उस समय वह तमिलनाडु के मामल्लपुरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दूसरे अनौपचारिक भारत-चीन शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे। इसके कुछ ही महीनों बाद पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच तनाव शुरू हुआ, जिसने दोनों देशों के संबंधों को दशकों में सबसे कठिन दौर में पहुंचा दिया। 2020 में गलवान घाटी की घटना के बाद भारत और चीन के बीच सैन्य और कूटनीतिक तनाव लंबे समय तक बना रहा। सीमा पर भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती हुई और दोनों देशों के बीच व्यापार तथा लोगों की आवाजाही से जुड़े संबंध भी प्रभावित हुए। हालांकि अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात ने संबंधों में सुधार की प्रक्रिया को नई दिशा दी। इसके बाद पूर्वी लद्दाख के कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी हुई और दोनों देशों ने संवाद के रास्ते को आगे बढ़ाया।

सितंबर में प्रस्तावित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन इस प्रक्रिया के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव हो सकता है। भारत की कोशिश है कि सम्मेलन में सभी सदस्य देशों के शीर्ष नेता शामिल हों। चीन की ओर से भी शी जिनपिंग के संभावित दौरे को लेकर तैयारियां शुरू होने की खबरें हैं। चीन की एक अग्रिम टीम के भारत पहुंचने की जानकारी भी सामने आई है, जो सुरक्षा और प्रोटोकॉल से जुड़ी तैयारियों का जायजा ले रही है।

माना जा रहा है कि चीनी राष्ट्रपति के साथ अधिकारियों, कारोबारियों और सरकारी समर्थन वाले मीडिया प्रतिनिधियों का बड़ा दल भी भारत आ सकता है।

शी जिनपिंग की यात्रा का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि भारत और चीन के बीच रिश्तों में सुधार की प्रक्रिया अभी पूरी तरह स्थायी नहीं हुई है। पूर्वी लद्दाख में सैनिकों का विस्थापन और कुछ क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी के बावजूद एलएसी पर दोनों देशों की भारी सैन्य मौजूदगी बनी हुई है। सीमा पर वास्तविक अर्थों में तनाव कम करने और सैनिकों की संख्या घटाने की प्रक्रिया अभी आगे बढ़नी बाकी है। इसलिए भारत के लिए चीन के साथ संबंध सुधारने का अर्थ केवल आर्थिक या राजनीतिक सहयोग बढ़ाना नहीं, बल्कि सीमा पर शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना भी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी स्पष्ट किया है कि भारत-चीन संबंधों की दिशा काफी हद तक सीमा की स्थिति पर निर्भर करेगी। उनका कहना है कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता अच्छे संबंधों की बुनियादी शर्त है। यह भारत की वर्तमान चीन नीति का महत्वपूर्ण



संकेत है। भारत संवाद और आर्थिक सहयोग का रास्ता खुला रखना चाहता है, लेकिन सीमा संबंधी अपने हितों से समझौता करने के पक्ष में नहीं है। पिछले दो वर्षों में दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। प्रत्यक्ष उड़ानों की बहाली, वीजा व्यवस्था में सुधार, चीन में भारतीय नागरिकों और कारोबारियों की आवाजाही को आसान बनाने के प्रयास तथा कैलाश मानसरोवर यात्रा की पुनर्बहाली इसी प्रक्रिया का हिस्सा हैं। इसके अलावा चीनी कंपनियों के संबंध में भारत द्वारा लगाए गए कुछ प्रतिबंधों में भी नरमी के संकेत मिले हैं। हालांकि इन कदमों के बावजूद कई समस्याएं अभी मौजूद हैं।

भारतीय कारोबारियों के लिए चीन के व्यापारिक वीजा का मुद्दा अभी भी चिंता का विषय है। भारत सरकार ने यह मामला चीन के सामने उठाया है। दूसरी ओर, अरुणाचल प्रदेश के आसपास एलएसी पर तनाव की खबरें भी दोनों देशों के बीच अविश्वास को पूरी तरह समाप्त नहीं होने देतीं। ऐसे में शी जिनपिंग की यात्रा दोनों देशों के बीच संवाद को मजबूत करने का अवसर तो होगी, लेकिन इसे संबंधों में पूर्ण सामान्य स्थिति की वापसी के रूप में देखना जल्दबाजी होगी। भारत और चीन के संबंधों में आर्थिक आयाम भी बेहद महत्वपूर्ण है। चीन दुनिया की बड़ी विनिर्माण शक्ति है और भारत के लिए चीन से आने वाली मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तथा विभिन्न औद्योगिक उत्पादों की अहम भूमिका है। वहीं भारत एक विशाल बाजार है। दोनों देश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का हिस्सा हैं। इसलिए प्रतिस्पर्धा के बावजूद आर्थिक संबंधों को पूरी तरह नजरअंदाज करना किसी भी देश के हित में नहीं है। यही कारण है कि भारत का वर्तमान दृष्टिकोण टकराव के बजाय संतुलित प्रतिस्पर्धा का दिखाई देता है। भारत चीन के साथ कारोबार करना चाहता है, लेकिन साथ ही अपनी विनिर्माण क्षमता, तकनीकी आत्मनिर्भरता और घरेलू उद्योग को मजबूत करना भी चाहता है। एस. जयशंकर का यह तर्क महत्वपूर्ण है कि भारत को चीन के साथ आत्मविश्वास के साथ संबंध रखने होंगे और अपनी ताकत विकसित करनी होगी। भारत जितना अधिक औद्योगिक और आत्मनिर्भर होगा, उतनी ही बेहतर स्थिति में वह चीन के साथ प्रतिस्पर्धा और सहयोग दोनों कर सकेगा।

ब्रिक्स के संदर्भ में शी जिनपिंग की संभावित यात्रा का महत्व और भी बढ़ जाता है। ब्रिक्स अब केवल भारत, रूस, चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका तक सीमित समूह नहीं है, बल्कि इसके विस्तार के बाद इसका वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक प्रभाव बढ़ा है। ऐसे समय में भारत की अध्यक्षता में होने वाला शिखर सम्मेलन वैश्विक दक्षिण की आवाज, बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था, व्यापार, विकास, वित्तीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार जैसे मुद्दों पर चर्चा का महत्वपूर्ण मंच बन सकता है।

नई दिल्ली में होने वाली इस बैठक में भारत और चीन के बीच अलग से द्विपक्षीय बातचीत की भी संभावना महत्वपूर्ण होगी। हालांकि प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि शिखर सम्मेलन में आने वाले नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें संभव होंगी। ऐसे में मोदी और शी जिनपिंग की संभावित बातचीत पर पूरी दुनिया की नजर रहेगी।

यदि यह मुलाकात होती है तो दोनों नेताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती रिश्तों में भरोसा बहाल करने की होगी। भारत सीमा पर स्थायी शांति चाहता है, जबकि चीन के लिए भारत के साथ आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को स्थिर करना महत्वपूर्ण हो सकता है। दोनों देशों के हित कई क्षेत्रों में अलग हैं, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था और बदलती भू-राजनीति उन्हें संवाद के लिए भी मजबूर करती है। शी जिनपिंग का संभावित भारत दौरा इसलिए किसी एक सम्मेलन की घटना भर नहीं है। यह 2020 के सीमा संकट के बाद भारत-चीन संबंधों में धीरे-धीरे हो रहे बदलाव का प्रतीक हो सकता है। हालांकि भारत के लिए इस रिश्ते में सावधानी और रणनीतिक धैर्य जरूरी होगा। दोस्ती की कोशिश और राष्ट्रीय हितों की रक्षा- दोनों को एक साथ लेकर चलना ही नई दिल्ली की चुनौती है।

आसमान इस मौसम से



मदन वर्मा "माणिक"

उम्मीद डूब गई है अब तो,
लिख रहा हूँ व्यथा मन से।
क्यों रूठा बादल, बेरंग सा
आसमान इस मौसम से?

धरती भी सूखी, सूखी है,
अम्बर से कोई आस नहीं।
पहले जो बादल आता था,
क्या पानी उसके पास नहीं?

सूनेपन में आ रही मुझे,
यादों की एक बाढ़ सी,
इससे बड़ा कोई मजाक नहीं,
जो लगी है यह इंतज़ार सी।

इंतज़ार खत्म कब होगा,
नसीब में क्या लिखा होगा?
बादल भी तरसाता पानी,
कब छूटेगी अटकी साँसें?
अब और कुछ सुहाता नहीं।

बच्चों के सपनों को उड़ान दें, अपनी इच्छाओं का बोझ नहीं



बिमल सर्राफ

हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा जीवन में सफल हो, उनसे आगे बढ़े और समाज में सम्मान हासिल करे। इस सपने के पीछे उनका प्रेम, संघर्ष और त्याग होता है। वे बेहतर स्कूल, अच्छी शिक्षा और सुरक्षित भविष्य के लिए अपनी जरूरतों तक को पीछे रख देते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि बच्चों के प्रति माता-पिता की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। लेकिन परवरिश की असली कसौटी केवल यह नहीं कि माता-पिता ने बच्चे को कितना दिया, बल्कि यह भी है कि उन्होंने उसे अपनी राह चुनने की कितनी स्वतंत्रता दी। आज प्रतिस्पर्धा के दौर में बच्चों के भविष्य को लेकर अभिभावकों की चिंता स्वाभाविक रूप से बढ़ी है। अच्छे अंक, प्रतिष्ठित संस्थान और आकर्षक करियर को सफलता का पैमाना मानने की प्रवृत्ति भी मजबूत हुई है। कई परिवारों में बच्चे की रुचि और क्षमता से अधिक महत्व इस बात को मिलने लगता है कि वह दूसरों से कितना आगे है। यहीं से दबाव की शुरुआत होती है। हर बच्चा एक जैसा नहीं होता। किसी की ताकत गणित में हो सकती है, तो कोई खेल, संगीत, चित्रकला, लेखन, तकनीक या सामाजिक कार्य में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। प्रतिभा को एक ही पैमाने से मापना बच्चों के साथ अन्याय है। अभिभावकों को यह समझना होगा कि उनकी अधूरी इच्छाओं को पूरा करना बच्चे का दायित्व नहीं है।

लगातार तुलना और अपेक्षाओं का बोझ बच्चे के भीतर असफलता का भय पैदा कर सकता है। जब हर उपलब्धि की तुलना किसी दूसरे बच्चे से होने लगे तो आत्मविश्वास की जगह हीनभावना जन्म लेती है। ऐसे में जरूरी है कि घर बच्चों के लिए परीक्षा केंद्र नहीं, संवाद और भरोसे की जगह बने।

माता-पिता बच्चों से केवल यह न पूछें कि कितने अंक आए, बल्कि यह भी पूछें कि उन्होंने क्या सीखा, उन्हें किस काम में आनंद आया और वे भविष्य में क्या करना चाहते हैं। बच्चे की बात सुनना भी परवरिश का उतना ही महत्वपूर्ण हिस्सा है, जितना उसे सलाह देना। अच्छे अंक और उपलब्धियां निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन जीवन की सफलता का दायरा इससे कहीं बड़ा है। आत्मविश्वास, धैर्य, रचनात्मकता, संवेदनशीलता, अनुशासन और सही निर्णय लेने की क्षमता वे गुण हैं, जो व्यक्ति को जीवन की वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

इसलिए अभिभावकों को नियंत्रक के बजाय मार्गदर्शक की भूमिका निभानी होगी। बच्चों को सही और गलत का अंतर समझाएं, जोखिमों से परिचित कराएं और कठिन समय में उनका साथ दें, लेकिन उनकी ओर से हर फैसला लेने की आदत न बनाएं। सुरक्षा और स्वतंत्रता के बीच संतुलन ही स्वस्थ परवरिश की पहचान है।

बच्चों का हाथ पकड़कर उन्हें चलना सिखाना जरूरी है, लेकिन हमेशा उनके कदमों की दिशा अपने हाथ में रखना उचित नहीं। उन्हें गिरने, संभलने और अपनी राह तलाशने का अवसर भी मिलना चाहिए। आखिर बच्चे हमारे सपनों को पूरा करने का माध्यम नहीं, बल्कि अपनी संभावनाओं को साकार करने वाली स्वतंत्र व्यक्तित्व हैं।

सच्ची परवरिश वही है, जिसमें माता-पिता बच्चों को अपनी महत्वाकांक्षाओं का बोझ नहीं, बल्कि अपने सपनों को पूरा करने के लिए विश्वास और अवसर देते हैं। बच्चों को मंजिल बताने से बेहतर है कि उन्हें अपनी मंजिल चुनने की क्षमता दी जाए। यही उनके भविष्य के साथ न्याय और अभिभावकीय प्रेम की सबसे सार्थक अभिव्यक्ति होगी।

जेन-जी से मोदी का संवाद, मेट्रो से दिल्ली यूनिवर्सिटी का सफर?

सनत जैन

जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के छात्रों से सीधा संवाद किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा मेट्रो सफर से श्रीराम कॉलेज तक की हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने मेट्रो में छात्रों से मुलाकात की और उसके बाद छात्रों के बीच जाकर उनसे संवाद किया। छात्रों से मुलाकात के बीच पीएम मोदी का अंदाज वही था जो राहुल गांधी का था। राजनीति के पंडितों का कहना है, अब राहुल गांधी बिसात बिछा रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी को उस पर चलना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री के इस संवाद की बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया दिल्ली और राजनीतिक हलकों में देखने को मिल रही है। दिल्ली यूनिवर्सिटी मे छात्र संघ के कुछ ही दिनों में चुनाव होना है। इसे एक चुनावी रैली के रूप में भी देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संवाद कार्यक्रम में जिस तरह से 2013 की घटनाओं का उल्लेख किया। छात्रों को बताया कि 2013 में क्या स्थिति थी आज उससे बहुत बेहतर स्थिति है, और 2047 तक भारत में बहुत बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत रिसर्च और इनोवेशन का दुनिया का सबसे बड़ा हब होगा। भारत में ओलंपिक का आयोजन होगा। उन्होंने छात्रों के साथ एक भविष्य का विजन रखा। श्रीराम कॉलेज की स्थापना के 100 साल पूरे होने पर पीएम मोदी ने छात्रों से कहा, की पूर्व के छात्र ओजी हैं, जिन्होंने सारी दुनिया में धूम मचाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी उपलब्धियां बताई और 2013 की केंद्र सरकार पर हमले किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में स्मार्टफोन के उत्पादन और डिफेंस उत्पादन को लेकर छात्रों के सामने अपनी बात रखी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा, देश में अलग प्रजाति के लोग हैं, हर चीज में वह नाराज फूफा बनते हैं। ऐसे सभी नाराज फूफा होम्योपैथी की एक मीठी गोली देते ही सामने आ गए हैं। उनका इशारा 15 अगस्त को लाल किले से दिए गए उस कथन की ओर था जिसमें उन्होंने दिमागी नक्सली को लेकर अपनी बात कही थी।

श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 100 साल पूरे होने पर यह कार्यक्रम हुआ था। प्रधानमंत्री मोदी शाम को ट्रैफिक के समय गाड़ी से यदि कॉलेज जाते तो लंबा जाम लगता, इसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपनी यात्रा मेट्रो से की। मेट्रो में बच्चों और उनके माता-पिता से बात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संवाद चर्चा का विषय बन रहा है। इसके दो कारण हैं, एक तो वह राहुल गांधी जो करते हैं वही वह करने लगे हैं, इससे एक धारणा यह बन रही है कि अब राहुल गांधी की बिसात पर चलना उनकी मजबूरी हो गई है।

रेवंत रेड्डी का सटीक कदम

अशोक त्रिपाठी

संगठन में अनुशासन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके तहत कभी-कभी कटु निर्णय भी लेने पड़ते हैं। राजनीति में अब कुर्सी बचाने के चक्कर में कभी-कभी लोग समझौता कर लेते हैं लेकिन उसका परिणाम अच्छा नहीं होता। कांग्रेस की मौजूदा हालत के लिए इस प्रकार के समझौते भी जिम्मेदार है। अभी हाल में तेलंगाना में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जिस तरह अनुशासन हीनता के चलते मंत्री कोंडा सुरेखा को मंत्रिमण्डल से हटा दिया है उससे एक अच्छा संदेश दूसरे नेताओं तक पहुंचेगा। मंत्री सुरेखा की बेटी ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की सार्वजनिक रूप से आलोचना की थी। सुरेखा ने अपनी बेटी का बचाव करते हुए उसकी निजी राय बताया लेकिन इससे पार्टी की छवि धूमिल हुई। इसी प्रकार असम में कांग्रेस ने अखिल गोगोई के रायजोर दल से नाता तोड़ लिया है। असम कभी कांग्रेस का मजबूत गढ़ हुआ करता था। वहां भाजपा ने कांग्रेस से सत्ता छीन ली है। कांग्रेस कुछ स्थानीय दलों के साथ गठबंधन कर सत्ता में वापसी का प्रयास कर रही है लेकिन स्थानीय दल अगर गठबंधन धर्म का पालन नहीं करते तो उनसे किनारा करना ही हित कर होगा। कांग्रेस ने असम में सही फैसला लिया है। एपीसीसी के महासचिव रमन्ना बरूआ ने सर्कुलर भी जारी कर दिया है।

तेलंगाना कांग्रेस में चल रहे विवाद के बीच, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने 3 सितम्बर को मंत्री कोंडा सुरेखा को मंत्रिमंडल से हटाने का फैसला कर लिया। इस संबंध में राज्यपाल को सिफारिश भेज दी गई है। सीएम का यह फैसला तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासनात्मक समिति की सिफारिश के बाद आया। समिति की सिफारिश में कहा गया था कि हाल ही में मंत्री सुरेखा की बेटी की ओर से दिए गए विवादित बयानों को लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। समिति ने सुरेखा को कैबिनेट से हटाने के साथ-साथ चिन्ना रेड्डी को भी प्लानिंग बोर्ड के पद से हटाने की सिफारिश की थी, चिन्ना रेड्डी पर भी पार्टी का अनुशासन तोड़ने का आरोप है। चिन्ना रेड्डी को भी उनके पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह गडवाल विजयलक्ष्मी को तेलंगाना प्लानिंग बोर्ड की जिम्मेदारी दी गई है।सुरेखा से जुड़ा विवाद तब शुरू हुआ, जब उनकी बेटी कोंडा सुष्मिता पटेल ने अगस्त में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में रेवंत और उनके परिवार के खिलाफ टिप्पणी की थी। उस वक्त मंत्री सुरेखा का कहना था कि उनकी बेटी की राय निजी थी और इसके लिए उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए, लेकिन कांग्रेस के भीतर खास तौर पर सीएम रेवंत रेड्डी के



खेमे के विधायकों ने सुरेखा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की।

रेवंत ने दिल्ली दौरे के दौरान ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी महासचिव केसी वेणुगोपाल के सामने भी यह मुद्दा उठाया और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सुरेखा ने बढ़ते दबाव के बावजूद इस्तीफा देने से इनकार कर दिया और पार्टी नेतृत्व को उनके खिलाफ कार्रवाई करने की चुनौती दी। उन्होंने दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी मुलाकात की थी लेकिन उन्हें स्पष्ट कह दिया गया कि उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

ओबीसी महिला नेता सुरेखा को इस तरह हटाने से होने वाले नुकसान की भरपाई के तौर पर सीएम ने तत्काल वारंगल जिले से ही तीन ओबीसी महिलाओं को बोर्ड कॉर्पोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। रेवंत ने गडवाल विजयलक्ष्मी को तेलंगाना योजना बोर्ड का उपाध्यक्ष, नेरेला शारदा को तेलंगाना राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सांसद जी सुधा रानी को काकतीय शहरी विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया है। पिछले महीने भी तेलंगाना में सियासी विवाद चर्चा में रहा था। उधर असम में विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने अखिल गोगोई की लीडरशिप वाले रायजोर दल के साथ सभी तरह के संबंध खत्म करने का ऐलान किया है। कांग्रेस ने इसके लिए गठबंधन के नियमों के उल्लंघन का हवाला दिया है। कांग्रेस ने एक स्टेटमेंट में कहा कि राज्य कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई के निर्देश पर यह फैसला लिया गया है और इसे तुरंत लागू कर दिया गया है। इसको लेकर एपीसीसी के महासचिव (संगठन) रमन्ना बरुआ के साइन वाला सर्कुलर रिलीज किया गया। कांग्रेस का कहना है कि उसने पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पहले सांप्रदायिक ताकतों के विरुद्ध एकजुट विपक्ष पेश करने के उद्देश्य से पूरे देश की वामपंथी पार्टियों और रायजोर दल सहित कई क्षेत्रीय दलों के साथ चुनावी गठबंधन किया था। कांग्रेस का आरोप है कि रायजोर दल के नेतृत्व ने कांग्रेस के विरुद्ध लगातार गलत प्रचार किया और उनकी इमेज खराब करने का प्रयास किया, जिससे गठबंधन की मर्यादा और नियमों का उल्लंघन हुआ। कांग्रेस ने ये भी कहा कि कई मौकों पर रायजोर दल के नेतृत्व ने विपक्षी गठबंधन में शामिल दूसरी पार्टियों के नेताओं के विरुद्ध बेबुनियाद, गैर-जरूरी और अपमानजनक बयानबाजी भी की। बार-बार गठबंधन के बुनियादी उसूलों को कमजोर किया।

कांग्रेस के मुताबिक, पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी ने रायजोर दल समेत कई क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर की वामपंथी पार्टियों के साथ चुनावी गठबंधन किया था। इसका उद्देश्य विपक्षी दलों को एकजुट करना और सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ एक मजबूत संदेश देना था। कांग्रेस का आरोप है कि गठबंधन के अधिकांश समय में रायजोर दल का नेतृत्व लगातार कांग्रेस के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण प्रचार और नेताओं के चरित्र पर व्यक्तिगत हमले करता रहा। कांग्रेस ने इसे गठबंधन की मर्यादा और तय नियमों का उल्लंघन बताया।

एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में असम प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मीरा बोर्थाकुर और एपीसीसी के मीडिया एवं संचार विभाग के अध्यक्ष बेदब्रत बोरा ने अखिल गोगोई पर निशाना साधा था। उन्होंने गोगोई को अक्षम राजनीतिक नेता बताते हुए उन पर अवसरवादी और पाखंडी राजनीति करने का आरोप लगाया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बेदब्रत बोरा ने कहा कि एपीसीसी अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गौरव गोगोई सहित कांग्रेस के नेता दिन-रात बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेता सिर्फ बाढ़ राहत सामग्री बांटने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बाढ़ प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए भी काम कर रहे हैं।

बोरा ने पिछले दो दिनों में अखिल गोगोई की ओर से दिए गए बयानों की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस गठबंधन की मर्यादा में विश्वास करती है और गैर-जिम्मेदाराना बयानों के बजाय वास्तविक जनसेवा को प्राथमिकता देती है। उन्होंने अखिल गोगोई पर निशाना साधते हुए कहा कि गोगोई शिवसागर विधानसभा सीट कांग्रेस के सक्रिय समर्थन और राजनीतिक सहयोग के कारण ही जीत पाए थे। बोरा ने दावा किया कि कांग्रेस के समर्थन के बिना गोगोई एक भी सीट नहीं जीत पाते।

ध्यान रहे मई 2026 में हुए असम विधानसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा ने राज्य की 126 विधानसभा सीटों में से 82 सीटों पर जीत दर्ज की। कांग्रेस को 19 सीटें मिलीं। बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) और असम गण परिषद (एजीपी) ने 10-10 सीटें जीतीं। वहीं, ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) और राइजर दल को दो-दो सीटें मिलीं। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने एक सीट पर जीत दर्ज की।

राहुल गांधी के साथ चलते हुए



ध्रुव शुक्ल

राहुल गांधी बीते पाँच वर्षों से निरन्तर भारत जोड़ो यात्रा पर हैं और उनके साथ इस यात्रा में शामिल होकर भारत के लोगों के मन में यह उम्मीद जाग रही है कि - कोई तो है जो हमारे मन की बात जानने निकला है। किसान, कारीगर,मजदूर, देश की नारियाँ और युवा पदयात्री राहुल गांधी के साथ चलते हुए उन्हें अपने- अपने मन की बात खुलकर बता रहे हैं। उमरदराज़ लोग भी राहुल गांधी के साथ कदम मिलाने से पीछे नहीं हट रहे। राहुल गांधी लोगों के करीब आकर यह जानने की इच्छा और उत्साह से भरे हुए हैं कि आखिर भारत के लोगों के मन में क्या है और वे कैसा देश अपने लिए चाहते हैं।

राहुल गांधी से अपने सुख-दुख साझा करने वाले लोगों की बात सुनकर सहज ही अनुभव हो रहा है कि वे बीते कुछ वर्षों की उस राजनीति से ऊब गये हैं जो भेदभाव से भरकर केवल अपनी मनमानी कर रही है और उसके नेता लोगों की बात ही नहीं सुन रहे हैं। वे लोगों से दूर सजाये गये महंगे मंचों से ख़ुद ही बोलते रहते हैं। देश के लोगों से दूर खड़े इन सजे-धजे और बनावटी नेताओं के पास लोगों के दुख जानने का समय ही नहीं बचा है। वे बोलते अधिक हैं और लोगों की बात सुनते कम हैं। वे सवालों के जवाब नहीं देते, कोई हिसाब नहीं देते।

राहुल गांधी लोगों के साथ पैदल चलते हुए कम बोल रहे हैं और देश के लोगों की बात अधिक सुन रहे हैं। राहुल गांधी लोगों को फिर उस पगडण्डी पर वापस ला रहे हैं जिस पर साथ चलते हुए आपस में सवाल उठाकर उनके जवाब खोजे जाते हैं और जो असहमत है उसका भी सम्मान किया जाता है। जो लोग देश के दूर-दराज़ इलाकों में जीवन काट रहे हैं और इस यात्रा से सीधे नहीं जुड़ पा रहे, वे भी मन ही मन राहुल गांधी के साथ इस उम्मीद से भरकर चल रहे होंगे कि देश में प्रेम की पगडण्डियों पर सबके साथ चलने और जीवन गुज़ारने के दिन अब ज़रूर लौटेंगे और नफ़रत की उड़ती धूल शान्त होगी।

असहनीय रूप से अभद्र और सत्ता की भूख से भरे राजनीतिक परिदृश्य में जहर-बुझे तीर सहते हुए राहुल गांधी की उपस्थिति को हमारे देश के वे करोड़ों संवेदनशील लोग अपने अहसास में ज़रूर महसूस कर पा रहे होंगे जो विभाजनकारी राजनीतिक मानसिकता को पसंद नहीं करते हैं। देश में ऐसे संवेदनशील लोगों का आज भी बहुमत है जो किसी के बांटने से बंटने को तैयार नहीं। यही लोग राहुल गांधी के राजनीतिक धीरज को परख होंगे।

राहुल गांधी का यह धीरज हमारे काम आ सके, इसके लिए लोगों को जात-पांत के भेद और मतान्ध कट्टरता से अपने आपको मुक्त करना होगा। जनसमर्थन पाकर उसकी राजनीतिक सौदेबाजी करने वाले बिकाऊ प्रतिनिधियों को त्यागना होगा। अस्पृश्यता, वैचारिक कट्टरता और सत्ता का लोभ ही हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी बाधा हैं। सबको मिलकर इन बाधाओं को हटाना होगा। लोकतंत्र अपनी विफलताओं से ही सीखकर आगे बढ़ता आया है। हमें इन बाधाओं को हटाने के लिए अपने समय के सत्याग्रह की रचना करके नये विकल्प को गढ़ना होगा।

राहुल गांधी राजनीति की ज़मीन पर नयी धान रोपने की उम्मीद से भरकर भारत की राजनीति के उन कुल-देवताओं की यादों में खोये हुए लग रहे हैं जिनने बिना किसी भेदभाव के सबके घर तक स्वतंत्रता का प्रभात और भरपेट भात पहुंचाने का पराक्रम किया था। भारतीय राजनीति के कुल-देवता तो महात्मा गांधी ही हैं जिन्होंने सबको जात मेहनत का व्रत साधने का मार्ग दिखाया। गांधी जी ने महान लेखक रस्किन का रचा --- अन टू दिस लास्ट यानी सर्वोदय का पाठ भी पढ़ा जिसे अंग्रेजी में ब्रेड लेबर यानी अपनी रोटी कमाना भी कहा जाता है ---हर आदमी को धरती की तरफ अपने आपको झुकाकर और पसीना बहाकर अपने और सबके लिए रोटी पैदा करना चाहिए, यही प्रकृति का नियम है। श्रीमद्भग्वद्गीता भी कहती है कि --- जो यज्ञ किये बिना खाता है वह चोर है। आज यज्ञ का अर्थ यही है कि अपने ईमान की रोटी के लिए जन और जन-प्रतिनिधि एकजुट होकर मेहनत करें।

राहुल गांधी किसानों के साथ पिण्डलियों तक पानी में खड़े होकर राजनीति की बंध्या होती जा रही धरती पर लोकतंत्र की नयी धान उगाने की चाहत से भरे लग रहे हैं। राहुल गांधी के चेहरे पर यह आत्म विश्वास झलकता दिख रहा है कि अगर सबको अपने हुनर से देश को सँवारने के अवसर मिल सकें तो जात-पांत और ग़रीब-अमीर के बीच की दूरी अपने आप कम होने लगेगी। फिर देश के साधनों पर कोई व्यक्ति और जाति अपनी मिल्कियत का दावा नहीं करेगी --- बहु विश्वासी जन और उनके चुने हुए प्रतिनिधि ही देश के जल-जंगल-ज़मीन और जानवरों के संरक्षक कहलायेंगे। राहुल गांधी देश की नयी उमर की नयी फ़सल के साथ खड़े दीख रहे हैं। उनकी दक्षिण से उत्तर और पूरब से पश्चिम तक भारत में पदयात्रा किसी को भुलाये नहीं भूलती, जब वे कड़कती ठण्ड में एक आधे बांह की टी-शर्ट पहनकर भारत के लोगों के बीच से आते हुए दिखायी दे रहे थे। यह साफ़ दिख रहा है कि राहुल गांधी ने सबके करीब जाकर हर पीढ़ी के लोगों के दिलों में प्रेम के लिए वह जगह बनायी है जिसके सहारे ही लोकतंत्र को संभाला जा सकता है। जब तक देश के बहुविश्वासी बहुजन और उनके बच्चे प्रेमपूर्वक अपनी रोजी कमाकर अपने घर नहीं लौटेंगे,तब तक लोकतंत्र का सुख भोगना सबके लिए कठिन बना रहेगा।

संक्षिप्त समाचार

शिक्षक दिवस पर मिला राज्य सम्मान, 30 हजार का चेक, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न

राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हुईं शमा परवीन

गरीब दर्शन / सीतामढ़ी



रुन्नीसैदपुर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय कोईरी टोला, धनुषी की प्रधान शिक्षिका शमा परवीन को प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राजकीय शिक्षक पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया। पटना में आयोजित राज्यस्तरीय शिक्षक दिवस समारोह में उन्हें सम्मान प्रदान शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के द्वारा किया गया। शमा परवीन ने विद्यालय में बच्चों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने, शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। उनके समर्पण, नवाचारपूर्ण शिक्षण और विद्यालय के विकास के प्रति सक्रिय भूमिका को देखते हुए उनका चयन राज्यस्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए किया गया। समारोह में शिक्षा विभाग की ओर से शमा परवीन को 30,000 का चेक, राजकीय शिक्षक पुरस्कार का सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने के बाद शमा परवीन ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय है। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कार देना ही उनके लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता है। शमा परवीन के सम्मान से सीतामढ़ी के शिक्षक समुदाय में खुशी का माहौल है। शिक्षकों और शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनका यह सम्मान जिले के अन्य शिक्षकों को भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

डालसा द्वारा चलाया गया विधिक जागरूकता अभियान

गरीब दर्शन / शिवहर



जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार पिपराही प्रखंड के कुअमा गांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव ललन कुमार रजक के निर्देशन में किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत संचालित संस्थान-पूर्व मध्यस्थता एवं सुलह व्यवस्था तथा आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। वही शिविर को संबोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता अजीत कुमार झा ने कहा कि व्यापारिक और लेन-देन से जुड़े विवादों को अदालत में औपचारिक मुकदमा दायर करने से पूर्व सुलह के माध्यम से सुलझाने के लिए संस्थान-पूर्व मध्यस्थता एक सुलभ और प्रभावी विकल्प है। इस प्रक्रिया से दोनों पक्षों की आपसी सहमति से समय और धन की बचत होती है और विवाद का स्थायी समाधान निकलता है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत तैयार समझौते को न्यायालय की डिग्री के समान कानूनी मान्यता प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि आगामी 12 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलहनीय आपराधिक मामले, बैंक ऋण, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, पारिवारिक एवं वैवाहिक विवाद,बिजली-पानी बिल सहित अन्य दीवानी मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में मामले के निपटारे पर कोर्ट फीस वापस हो जाती है और इसके फैसले के विरुद्ध अपील नहीं होती है। कार्यक्रम के संचालन में पैरा लीगल वालंटियर बिट्टू कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के फ्रंट ऑफिस की कार्यप्रणाली और निशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया तथा वाद-पूर्व मामलों के समाधान के लिए ग्रामीणों से लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

साइबर ठगी के 49 हजार रुपये पीड़ित के खाते में लौटाया

गरीब दर्शन / शिवहर



साइबर अपराध के खिलाफ पुलिस की लगातार कार्रवाई के बीच साइबर थाना की टीम ने ठगी के शिकार एक व्यक्ति के 49 हजार रुपये वापस कराने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह के निर्देशन में साइबर डीएसपी ईशानी सिन्हा के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी की राशि को सुरक्षित कर पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराया। बतादे कि फतेहपुर थाना क्षेत्र के कहतरवा मधुरापुर निवासी रामविनय कुमार, पिता महंथ साह साइबर ठगी के शिकार हो गए थे। उनके बैंक खाते से 49 हजार रुपये की ठगी कर ली गई थी। शिकायत मिलने के बाद साइबर थाना की टीम ने तकनीकी सहयोग से मामले की जांच शुरू की और राशि को सुरक्षित कर वापस कराने की कार्रवाई की। वही पुलिस की तत्परता और तकनीकी दक्षता के कारण पीड़ित को उसकी मेहनत की कमाई वापस मिल सकी। साइबर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें।

शिक्षक दिवस पर बिहार की पहली मधुबनी चित्रकला आधारित कॉमिक बुक का लोकार्पण

मधुबनी चित्रकला से बच्चों को पढ़ाएगी निपुण चितरंगी

गरीब दर्शन / सीतामढ़ी



शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा कार्यालय में बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को सहज, सरल और रोचक बनाने की दिशा में अनूठी पहल की गई। इस अवसर पर बिहार की पहली मधुबनी चित्रकला आधारित कॉमिक बुक ' निपुण चितरंगी ' का लोकार्पण किया गया। शिक्षा और कला के इस अभिनव संगम का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई से जोड़ना और कठिन विषयों को कहानी एवं चित्रों के माध्यम से आसान बनाना है। 'निपुण चितरंगी' की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें शैक्षणिक विषयों को बिहार की प्रसिद्ध मधुबनी चित्रकला के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। रंग - बिरंगे चित्रों और रोचक कथानक के जरिए बच्चों को पाठ्य सामग्री समझाने का प्रयास किया गया है। इससे बच्चों के लिए सीखना अधिक मनोरंजक होने के साथ-साथ उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जानने और समझने का अवसर भी मिलेगा।इस रचनात्मक पहल की रचयिता अजिता भटनागर हैं। पुस्तक का संरक्षण जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने किया, जबकि मृदुला कुमारी के मार्गदर्शन में इसे तैयार किया गया। इसकी डिजाइनिंग मनीष कुमार ने की है। वहीं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षिका पुष्पा प्रसाद ने पुस्तक की समीक्षक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किए जाने वाले ऐसे नवाचार बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि कला और शिक्षा के समन्वय से तैयार 'निपुण चितरंगी' आने वाले समय में बिहार के अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक मॉडल बन सकती है। लोकार्पण के अवसर पर डीईओ राघवेंद्र मणि त्रिपाठी, डीपीओ स्थापना प्रियदर्शी सौरभ, डीपीओ सुजीत कुमार दास, डीपीओ नीलम राज एवं मो. अरमान अली समेत अन्य लोगों को 'निपुण चितरंगी' की प्रति प्रदान की गई।

प्रेम प्रसंग में गोलीबारी का खुलासा, चार आरोपित गिरफ्तार

गरीब दर्शन / शिवहर



जिले के श्यामपुर भटहां थाना क्षेत्र के लालगढ़ गांव में घर में घुसकर बालिका व उसकी मां को गोली मारने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए उनके निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनुशील कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। टीम ने मानवीय सूचना के साथ तकनीकी व वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि छह सितंबर की रात लालगढ़ निवासी बालिका अपनी मां व बड़ी बहन के साथ एक कमरे में सोई थी। करीब 11 बजे कुछ लोग घर में घुसे और गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। गोली लगने से बालिका व उसकी मां घायल हो गईं। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वही घटना के संबंध में पीड़िता के फर्दबयान के आधार पर छह नामजद व पांच-छह अज्ञात आरोपितों के खिलाफ श्यामपुर भटहां थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले के मुख्य कारण की जांच के दौरान प्रेम प्रसंग सामने आया है। पुलिस ने घटना में संलिप्त अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी तेज कर दी है। वही गिरफ्तार आरोपितों की पहचान प्रिंस कुमार उर्फ पप्पू सिंह, सुधीर सिंह, पप्पू सिंह तथा अविनाश सिंह उर्फ टकला के रूप में की गई। सभी लालगढ़ जोगिया गांव के रहने वाले हैं। एसपी ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कराया और एफएसएल व डीआईयू की टीम ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष जुटाए। एसआईटी की लगातार कार्रवाई और साक्ष के आधार पर आरोपीतो तक पहुंच बनाई गई।पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से मामले के उद्वेदन में महत्वपूर्ण सफलता मिली। वही गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के आधार पर घटना में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है

शिष्य की सफलता व प्रगति ही उसके गुरु के लिए हैं सच्चा सम्मान

वैदेही क्लब ऑफ सीतामढ़ी के तत्वावधान में समारोह आयोजित



गरीब दर्शन / सीतामढ़ी

वैदेही क्लब ऑफ सीतामढ़ी के तत्वाधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय निर्मला उत्सव पैलेस में क्लब की अध्यक्ष प्रियंका भगत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर, सीतामढ़ी की सेवानिवृत अध्यापिका श्रीमती कमला गुप्ता को शॉल, फल, डायरी तथा कलम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षिका कमला गुप्ता ने कहा कि शिष्य की सफलता व प्रगति ही उसके गुरु के लिए सच्चा सम्मान है। क्लब के द्वारा दो सदस्यों कमला बालिका उच्च विद्यालय की पूर्व प्राचार्या निर्मला मिश्रा एवं श्री राधाकृष्ण गोयनका महाविद्यालय की अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका सह विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति सुल्तानिया को भी शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। क्लब की वरिष्ठ सदस्य सुनीता सिकारिया ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष दीप्ति सरकार, माला भावसिंका, बिंदु चौधरी, माया भावसिंका, शिखा कुमारी, उषा भावसिंका, रश्मि, काजल कुमारी आदि उपस्थित थे।

डिजिटल शिक्षा एवं व्यावसायिक नवाचार के लिए नारायण साहनी को मिला ' नवरत्न शिक्षक सम्मान '

- **डिजिटल, व्यावसायिक शिक्षा तथा नवीन शैक्षिक नवाचारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रदान किया गया**



गरीब दर्शन / सीतामढ़ी

मुसाय नायक–सीता देवी एजुकेशन ट्रस्ट, रोसड़ा, समस्तीपुर के तत्वावधान में रविवार को आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह-2026 में बिहार के सीतामढ़ी जिले के मध्य विद्यालय दशई बालक, रुन्नीसैदपुर के प्रधानाध्यापक नारायण साहनी को 'नवरत्न शिक्षक सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें डिजिटल शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा तथा नवीन शैक्षिक नवाचारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रदान किया गया। समारोह में जल शक्ति राज्यमंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी के हाथों श्री साहनी को सम्मान एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित नवाचारी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इनमें गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड सहित अन्य राज्यों के शिक्षक शामिल रहे। नारायण साहनी द्वारा विद्यालय में डिजिटल संसाधनों के उपयोग, विद्यार्थियों को व्यावसायिक कौशल से जोड़ने तथा गतिविधि-आधारित एवं नवाचारी शिक्षण को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की गई। सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार एवं शिक्षा जगत में हर्ष व्याप्त है।

सीतामढ़ी में एलपीजी वितरक संघ की अहम बैठक, दिल्ली धरने की तैयारी तेज

गरीब दर्शन / सीतामढ़ी



रविवार को तीनों ऑयल कंपनियों (IOCL, BPCL, HPCL) के एलपीजी वितरक की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश से आये वरिष्ठ अतिथि डॉ. राम नरेश सिन्हा, उदय शंकर एवं अमित कुमार विशेष रूप से सम्मिलित हुए। सीतामढ़ी के वितरक द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं मिथिला की पाग पहनाकर भव्य स्वागत व सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता LDAI, सीतामढ़ी के कार्यकारिणी अध्यक्ष अर्जुन श्रेष्ठ खिरहर ने की। बैठक में आगामी 26 अक्टूबर 2026 को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी - धरना-प्रदर्शन के लिए रजिस्ट्रेशन, ट्विटर (X) पर ट्रेंडिंग अभियान, दिल्ली जाने हेतु ट्रेन टिकटों की व्यवस्था, PNG से संबंधित मुद्दे व कंज्यूमर के माध्यम से पटना हाई कोर्ट में PIL दायर करना। सभी वितरक बंधुओं ने एकजुट होकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय कुराश चैंपियनशिप में सीतामढ़ी की कल्याणी ने रचा इतिहास, बिहार के लिए जीता स्वर्ण पदक

गरीब दर्शन / सीतामढ़ी



- **लुधियाना में 4 से 6 सितंबर 2026 तक आयोजित हुआ 10 वीं जूनियर राष्ट्रीय कुराश चैंपियनशिप 2026**

लुधियाना में 4 से 6 सितंबर 2026 तक आयोजित 10 वीं जूनियर राष्ट्रीय कुराश चैंपियनशिप 2026 में बिहार की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सीतामढ़ी की होनहार खिलाड़ी कल्याणी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर जिले एवं बिहार का नाम रोशन किया। कल्याणी ने फाइनल मुकाबले में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। राष्ट्रीय स्तर की इस बड़ी प्रतियोगिता में कल्याणी की सफलता से सीतामढ़ी जिले के खेलप्रेमियों में खुशी की लहर है। कल्याणी सीतामढ़ी के डुमरा प्रखंड अंतर्गत विश्वनाथपुर गांव निवासी रामनरेश यादव की पौत्री एवं शत्रुघ्न यादव की पुत्री हैं। ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल करना कल्याणी की प्रतिभा, मेहनत और लगन को दर्शाता है। कल्याणी की इस सफलता में उनके कोच विकास कुमार के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। लगातार अभ्यास और कड़ी मेहनत के दम पर कल्याणी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के फाइनल में शानदार प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की। कल्याणी की स्वर्णिम सफलता पर सीतामढ़ी जिला भारोत्तोलन संघ के संरक्षक प्रो. राजकुमार गुप्ता, अध्यक्ष अतुल कुमार, सचिव सतीश कुमार, सहित जिले के विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों एवं खेलप्रेमियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा खो-खो संघ के सचिव हरिशंकर प्रसाद, फुटबॉल संघ के सचिव सुरेश कुमार, संयुक्त सचिव राहुल यादव, अरविंद कुमार, शिक्षक अरविंद हेराम कुमार, सैनिक चुनचुन कुमार एवं नवीन यादव सहित अन्य खेलप्रेमियों ने भी कल्याणी की शानदार उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। खेलप्रेमियों ने कहा कि कल्याणी की यह उपलब्धि सीतामढ़ी की बेटियों के लिए प्रेरणादायक है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने यह साबित किया है कि उचित मार्गदर्शन, मेहनत और लगन के बल पर छोटे शहर और गांव की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिला परिवहन कार्यालय से जागरूकता रथ को दिखाई गई हरी झंडी

गरीब दर्शन / शिवहर



आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर आम जनमानस और वाहन स्वामियों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज जिला परिवहन कार्यालय, शिवहर परिसर से 'लोक अदालत जागरूकता रथ' को हरी झंडी जिला परिवहन पदाधिकारी अनुराग कुमार रवि द्वारा दिखाकर रवाना किया गया। प्रमुख बिंदु एवं उद्देश्यः

लंबित मामलों का निपटाराः जागरूकता रथ का मुख्य उद्देश्य परिवहन विभाग से संबंधित लंबित चालानों और शमन मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से निष्पादित कराना है।

सघन प्रचार अभियानः यह रथ जिले के सभी प्रखंडों, प्रमुख हाट-बाजारों, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर माइकिंग एवं पर्चे बांटकर लोगों को लोक अदालत के प्रति जागरूक करेगा।

समय और धन की बचतः लोक अदालत के माध्यम से मामलों के समाधान से लोगों को कोर्ट-कचहरी के चक्कर से मुक्ति मिलती है और बिना किसी अतिरिक्त खर्च के त्वरित न्याय प्राप्त होता है। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा वाहन स्वामियों एवं आम नागरिकों से अपील की गई कि जिन लोगों के वाहनों के चालान या परिवहन संबंधी मामले लंबित हैं, वे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का सौहार्दपूर्ण वातावरण में निष्पादन अवश्य कराएं।

बाल विवाह के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र का वैश्विक दिवस जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के प्रयासों को मान्यता

गरीब दर्शन / शिवहर



बाल विवाह के खिलाफ जमीनी अभियान चला रहे बिहार ग्राम विकास परिषद ने संयुक्त राष्ट्र के 27 नवंबर को 'बाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह की समाप्ति के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस' घोषित करने के ऐतिहासिक कदम का स्वागत किया है। संगठन ने कहा कि यह सरकार व प्रशासन के सहयोग से देश में बाल विवाह के खिलाफ अभियान चला रहे नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के अथक और असाधारण प्रयासों को वैश्विक मान्यता है। संगठन बिहार ग्राम विकास परिषद,जेआरसी का एक सहयोगी संगठन है। जेआरसी लंबे समय से इस दिवस की मांग कर रहा था।

प्रेस वार्ता में बिहार ग्राम विकास परिषद के महामंत्री डॉ रामचंद्र राय ने कहा कि भारत से उठी आवाज आज पूरी दुनिया का संकल्प बन गई है। उन्हें खुशी है कि आज उनके प्रयासों को वैश्विक मान्यता मिली है। साथ ही यह पूरे भारत के लिए भी गर्व का विषय है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र ने बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक दिवस के लिए 27 नवंबर की तारीख चुनी। 2024 में इसी दिन भारत सरकार ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन जैसे नागरिक समाज संगठनों को साथ लेकर 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की शुरुआत की थी। लेकिन यह जश्न मनाकर रुक जाने का क्षण नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की घोषणा ने हमें गौरव दिया है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि दुनिया के हर बच्चे को बाल विवाह मुक्त बचपन भी मिले। हमारे सामने इस संकल्प को जमीन पर उतारने की चुनौती भी है। जब तक जिले के किसी गांव का एक भी बच्चा बाल विवाह के डर में जी रहा है, तब तक हमारी लड़ाई अधूरी है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिवहर में हमने सरकार व प्रशासन के साथ मिलकर कानूनी हस्तक्षेपों से बाल विवाह रुकवाए हैं। उन्होंने आगे कहा, "हम जानते हैं कि सिर्फ कानून से ही बाल विवाह की पूरी तरह रोकथाम संभव नहीं होगी। इसलिए हमने बड़े पैमाने पर स्कूलों, पंचायतों, गांवों में जागरूकता अभियान चलाया है। लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई है। साथ ही बाल विवाह के लिहाज से संवेदनशील आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया है और पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों का दोबारा स्कूलों में दाखिला कराया है। इसके अलावा बाल विवाह के खिलाफ मुहिम में धर्मगुरुओं व शिक्षकों को जोड़कर हमने इसे सही मायने में जन अभियान बनाया है जिसकी गूंज संयुक्त राष्ट्र तक सुनाई दे रही है।" जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु ने बाल विवाह के खात्मे के लिए एक अलग अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने की पहल की थी। मार्च 2026 में संयुक्त राष्ट्र में भुवन ऋभु ने अपने संबोधन के दौरान कई वैश्विक नेताओं की मौजूदगी में एक बार फिर बाल विवाह के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने के लिए प्रस्ताव लाने की बात कही। तब अफ्रीकी देश सिएरा लियोन की फर्स्ट लेडी डॉ. फातिमा मादा बायो भी मौजूद थीं, जिन्होंने इस पहल का समर्थन किया। इसके बाद सिएरा लियोन ने भारत सहित 67 देशों के अनुमोदन वाला प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में पेश किया, जिसमें 27 नवंबर को बाल विवाह समाप्त करने के लिए समर्पित वैश्विक दिवस घोषित करने की बात थी। 4 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव को पारित कर दिया।

भारत में जेआरसी अपने सहयोगी संगठनों के साथ देश के सभी 782 जिलों में बाल विवाह के खिलाफ अभियान चला रहा है। जेआरसी ने अपने सहयोगी संगठनों के साथ सरकारों और कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग से समुदायों, स्कूलों, पंचायतों, आदिवासी और वंचित समुदायों, महिलाओं, पुलिसकर्मियों, धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों को बाल विवाह रोकने के लिए एकजुट किया है। जेआरसी के सहयोगी संगठनों ने देश में 5,50,000 से अधिक बाल विवाह रुकवाएं हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि जब सरकार, नागरिक समाज और समुदाय मिलकर काम करते हैं, तो बाल विवाह को रोका जा सकता है और अंततः पूरी तरह समाप्त भी किया जा सकता है। इस मुहिम का प्रभाव बाल विवाह की दर में आई गिरावट में भी साफ नजर आता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 2019-21 के अनुसार देश में 23.3 फीसदी लड़कियों की शादी 18 साल से पहले हो चुकी थी, जबकि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-6 में 2023-24 में यह आंकड़ा घटकर 20.1 फीसदी रह गया। वहीं भारत सरकार ने 2026 तक बाल विवाह की दर को 10 फीसदी तक घटाने का लक्ष्य रखा है। केंद्र और राज्य, दोनों ही स्तरों पर लगातार किए जा रहे प्रयासों की बदौलत उम्मीद है कि 2026 खत्म होते-होते भारत में बाल विवाह की दर 15 फीसदी से भी नीचे आ जाएगी। यह 2030 तक बाल विवाह को समाप्त करने की वैश्विक प्रतिबद्धता सतत विकास लक्ष्य 5 लैंगिक समानता के लक्ष्य 5.3 के अनुरूप है। जिसमें बाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह जैसी सभी नुकसानदेह प्रथाओं को खत्म करने की बात कही गई है।

मौके पर जिला समन्वयक अनिल कुमार,सामाजिक सामुदायिक कार्यकर्ता - आरती कुमारी, रूना कुमारी एवं मीडिया स्पोर्ट पर्सन-कमलसेन कुमार मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

तिरुपति शुगर मिल बगहा पर साइबर हमला, डेटा की हुई चोरी

गरीब दर्शन/बगहा

तिरुपति सुगर्स लिमिटेड बगहा पर एक साइबर हमले का मामला सामने थाना पहुंचा।बताते है कि अज्ञात हैकरों ने मिल के मुख्य सर्वर और सिस्टम्स एप्लीकेशन्स एंड प्रोडक्ट्स इन डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम में सेंधमारी कर पूरा डेटा उड़ा लिया है। इसकी वजह से प्रबंधन को कई करोड़ का नुकसान हुआ है।इस मामले में चीनी मिल के कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग के महाप्रबंधक त्रिपुरारी कुमार ने साइबर थाने में अज्ञात साइबर अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक बीएन त्रिपाठी ने बताया कि तकनीकी सॉफ्टवेयर हैक होने से कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ है।इस मामले में जिला प्रशासन से मदद मांगी गई है। एफ आई आर दर्ज होने के बाद साइबर थाना की पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

नेपाल के रसुवा में आए विनाशकारी बाढ़ में लापता हुए व्यक्तियों की खोजबीन लगातार जारी

गरीब दर्शन/वाल्मीकिनगर



पड़ोसी देश नेपाल के रसुवा के भोटेकोशी में आए विनाशकारी बाढ़ के बाद लापता हुए व्यक्तियों के खोज तथा उनके उद्धार के लिए सीमावर्ती पूर्वी नवलपरासी स्थित गंडक नदी क्षेत्र में संयुक्त खोज अभियान चलाया जा रहा है।पूर्वी नवलपरासी जिला के सूचना अधिकारी तथा डीएसपी अनिल पंडित ने बताया कि त्रिशूली में आए बाढ़ बाढ़ के कारण लापता हुए व्यक्तियों का बहकर गंडक नदी में बहकर आने की संभावना को देखते हुए रविवार को नेपाल पुलिस, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा वैदिक सनातन युवा मंच की टोली के द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर गंडक नदी के किनारे, आसपास के झाड़ी तथा संभावित स्थल पर टोली के द्वारा खोज किया जा रहा है। इससे पहले भी गंडक नदी तथा आसपास के क्षेत्र में विभिन्न सुरक्षा निकाय के द्वारा खोज किया गया था।

प्रश्नमंच प्रतियोगिता में राजड्योढ़ी विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन

पांच विधाओं में विजेता स्थान हासिल कर विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव

गरीब दर्शन/बेतिया



लोक शिक्षा समिति, बिहार के तत्वावधान में पांच सितंबर को सरस्वती विद्या मंदिर, नरकटियागंज में आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता में बाबा हरिदास नागा सरस्वती शिशु-बालिका विद्या मंदिर, राजड्योढ़ी, बेतिया के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चंपारण विभाग के विभिन्न विद्यालयों से 18 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच राजड्योढ़ी विद्यालय की टीमों ने पांच विधाओं में विजेता स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। संगणक प्रश्नमंच के शिशु वर्ग में विद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान, वैदिक गणित के बाल वर्ग में द्वितीय तथा विज्ञान प्रश्नमंच के बाल वर्ग में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंग्रेजी प्रश्नमंच के शिशु वर्ग में विद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों ने विषयगत ज्ञान, स्मरण शक्ति, त्वरित निर्णय क्षमता और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। विभाग निरीक्षक ललित कुमार राय ने विजेता विद्यार्थियों एवं उनके मार्गदर्शक आचार्यों को बधाई देते हुए कहा कि प्रश्नमंच जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में ज्ञान, तार्किक क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करती हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता ओझा ने सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन, नियमित अभ्यास एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने आगामी प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को बेहतर तैयारी करने का आह्वान किया।

नेपाल के त्रिवेणी सुस्ता में किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

गरीब दर्शन/वाल्मीकिनगर



सीमावर्ती देश नेपाल के त्रिवेणी सुस्ता स्वास्थ्य केन्द्र में शनिवार को जर्मनी लोटरी क्लब एवं सिद्धार्थ बाल तथा महिला अस्पताल बुटवल के सहयोग से निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।त्रिवेणी सुस्ता स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सक डॉ रघुनाथ भट्टराई ने बताया कि निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर में बुटवल के आमदा अस्पताल के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजेन्द्र बास्याल के नेतृत्व में स्त्री एवं महिला रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, दंत एवं मुह रोग विशेषज्ञ सहित करीब एक दर्जन विभिन्न रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों के टीम के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के 317 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही शिविर में लोटरी क्लब के सहयोग से सभी मरीजों को निः शुल्क लैब परीक्षण एवं दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर त्रिवेणी गांवपालिका के वार्ड नंबर छह के अध्यक्ष नूरेन्द्र शाह ने बताया कि निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर में त्रिवेणी जैसे ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों का सेवा पाने का अवसर मिलना यह उनके लिए सौभाग्य की बात है।

एक्सिस बैंक प्रबंधक पर ग्राहक का गोल्डलोन वाला गिरवी रखा सोना बेचने का आरोप

गरीब दर्शन/बेतिया



बेतिया नगर के सुप्रिया सिनेमा रोड स्थित एक्सिस बैंक के प्रबंधक पर,गोल्ड लोन लेने वाले पूर्वी चंपारण के गोविंदगंज थाना निवासी,रिशु पांडे ने बैंक के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि बैंक ने उन्हें बिना सूचना दिए गिरवी रखा सोना बेच दिया। मामले में जिलाधिकारी के आदेश के बाद नगर थाने में बैंक मैनेजर समेत अन्य लोगों के खिलाफ इसकी प्राथमिकी दर्ज की गई, पीड़ित ने बताया कि जून, अगस्त 2025 में एक्जिस बैंक से गोल्ड लोन लेकर सोना रखा गया था। सोने की कीमत अभी 10 लाख रुपया बताई गई है।इस बात की जानकारी बैंक प्रबंधक एवं कर्मचारियों के द्वारा उनको नहीं दी गई, रखे हुए सोना बेचने की खबर उस समय मिला, जब वह बैंक में रुपया जमा किया,उसका मैसेज मिला। जानकारी मिलने के बाद बैंक प्रबंधक के विरुद्ध जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी,जिला पदाधिकारी के पास शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई। जिला पदाधिकारी ने कार्रवाई करते हुए बैंक प्रबंधक पर नगर थाना बेतिया में ही प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया।

मिशन शक्ति टीम ने भटकी युवती को परिजनों से मिलाया

- पट्टी चौराहे पर मानसिक रूप से अस्वस्थ अवस्था में मिली थी युवती, पुलिस की तत्परता से पहुंची घर



गरीब दर्शन/तमकुही

थाना क्षेत्र के नोनिया पट्टी चौराहे पर मानसिक रूप से अस्वस्थ अवस्था में भटक रही युवती को तुर्कपट्टी पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने सकुशल उसके परिजनों से मिला दिया। पुलिस की संवेदनशील पहल से युवती सुरक्षित अपने परिवार तक पहुंच सकी।

जानकारी के अनुसार, पांच सितंबर को पीआरवी के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि नोनिया पट्टी चौराहे पर करीब 25 से 30 वर्ष की एक युवती भटक रही है। युवती अपनी पहचान और घर का पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रही थी। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा की दृष्टि से युवती को थाने ले आई। थाने पर पुलिस टीम ने युवती से धैर्य और संवेदनशीलता के साथ बातचीत की। लगातार प्रयास के बाद युवती ने टूटे-फूटे शब्दों में अपना नाम गुलशन आरा, पिता मोहम्मद शहाबुद्दीन आलम तथा निवासी सोरहवा, थाना विशुनपुरा, कुशीनगर बताया। पुलिस टीम ने बताए गए पते का सत्यापन कर परिजनों से संपर्क किया। इसके बाद युवती के पिता को थाने बुलाया गया। आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने युवती को सकुशल उसके पिता के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस टीम की तत्परता और संवेदनशीलता के लिए आभार जताया। वहीं, युवती को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाने की पुलिस की मानवीय पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

विशेष अभियान में 11 गिरफ्तार 77.30 लीटर शराब बरामद

गरीब दर्शन/बगहा

बगहा एसपी राजेश कुमार के निर्देश पर पुलिस जिला में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस को सफलता मिली है ।अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से शराब के मामलों में आरोपितों समेत वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा रहा है ।पुलिस ने इस दौरान कुल 77.30 लीटर अंग्रेजी व देशी शराब तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है।एसपी ने बताया कि चौतरवा थाना की पुलिस ने वारंट के मामले में रविंद्र गुप्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा ।पटखौली थाना पुलिस ने बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया। वहीं धारा 37 बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम- के तहत भीम सागर और आनंद कुमार को गिरफ्तार किया गया ।पुलिस ने यहां से 33.30 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की .धनहा थाना पुलिस ने धारा 41/30(ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत खुशी आलम तथा धारा 37 के तहत राजू चौधरी को गिरफ्तार किया . वहीं वारंट के मामले में बलराम यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया . पुलिस ने 14.40 लीटर देशी शराब और एक मोटरसाइकिल बरामद की ।पिपरासी थाना पुलिस ने धारा 30(ए) के तहत सुरेश चौधरी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 11.6 लीटर देशी शराब बरामद की गयी । लौकरिया थाना पुलिस ने धारा 30(ए) के तहत पप्पू साह व संजय साह के विरुद्ध मामला दर्ज किया ।वहीं धारा 126(2), 115(2), 352 एवं धारा 37 के तहत कमलेश कुमार साह को गिरफ्तार किया गया . पुलिस ने 18 लीटर देशी शराब बरामद की .

भैरोगंज थाना पुलिस ने वारंट के मामले में लक्ष्मण राम, राजेश काजी और सिंगाहसन मुखिया को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा ।एसपी ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने 19 वारंटों का निष्पादन किया ।इसके अलावा वाहन जांच अभियान में 275 वाहनों की जांच की गयी, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से 40 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया ।

शिक्षक दिवस पर गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के तहत छात्रों व गुरुजनों को किया गया सम्मानित

गरीब दर्शन/तमकुही



भारत विकास परिषद तथागत शाखा के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के तहत पडरौना जनपद के विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों छात्रों को परिषद के पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। परिषद के द्वारा आयोजित गुरु वंदनन छात्र अभिनंदन अभियान के तहतहनुमान इंटर कॉलेज पडरौना में परिषद के अध्यक्ष

प्रदीप चहाड़िया ,विपिन मल्ल सचिव , प्रधानाचार्य शैलेंद्र दत्त शुक्ला ,प्रबंधक मनोज शर्मा सारस्वत ने रियल पैराडाइस एकेडमी पडरौना में परिषद के

श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव

श्रीमती विनीता गुप्ता ,

प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनीता पांडेय ,प्रबंधक/संगठन सचिव डॉ नीरेन पांडेय द्वारा, जिंदल पब्लिक स्कूल रविंद्र नगरउपाध्यक्ष सतीश जिंदल

संजय मारोदिया सहसचिव, सीएमडी श्रीमती मीनू जिंदल,प्रधानाचार्य राकेश त्रिपाठी,नेहरू इंटरमीडिएट कॉलेज मनसा छापर

मार्कंडेय गौतम प्रकल्प प्रमुख गुरु वंदन छात्र अभिनंदन

मदन मोहन पांडेय,प्रधानाचार्य साधु शरण पांडेय, रघुनाथ प्रसाद हायर सेकेंडरी स्कूल कुबेरस्थान दुर्गा दयाल तिवारी प्रकल्प प्रमुख भारत को जानो,शैलेश कुमार उपाध्याय मीडिया प्रभारी/ग्रा प ए जिलाध्यक्ष, प्रधानाचार्य विनोद मणि त्रिपाठी, ग्रा प ए उपाध्यक्ष मुकेश नाथ तिवारी,

तपेश्वरी विद्या मंदिर पडरौना में शैलेंद्र दत्त शुक्ला परिषद के उपाध्यक्ष ,मनोज शर्मा सारस्वत उपाध्यक्ष ने शिक्षकों छात्रों को सम्मानित किया।

हक और सम्मान के लिए रसोईयों ने भरी हुंकार

- 28 सितंबर को पटना में राजभवन मार्च
- पश्चिम चंपारण से हजारों रसोईयों के शामिल होने का आह्वान



गरीब दर्शन/बेतिया

बिहार राज्य विद्यालय रसोईया यूनियन एटक का जिला चौथा सम्मेलन बेतिया के बलिराम भवन सभागार में शंभुनाथ मिश्र, रामाश्रय हजरा एवं गोदावरी देवी की अध्यक्ष मंडली में आयोजित हुआ। सम्मेलन की शुरुआत दिवंगत सेविका, आशा, सहायिका, रसोईया, एंबुलेंस कर्मियों, मजदूरों, किसानों तथा नेपाल आपदा में जान गंवाने वाले लोगों को मौन रखकर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। सम्मेलन का उद्घाटन जिला किसान नेता बब्लू दूबे ने किया। उन्होंने सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए रसोईयों से एकजुट होकर अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने की अपील की। मध्याह्न भोजन योजना को गैर सरकारी संस्थाओं के हवाले किए जाने का भी विरोध किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सह एटक बिहार के उप महासचिव ओम प्रकाश क्रांति ने कहा कि बड़े कॉरपोरेट घरानों के कर्ज माफ किए जा रहे हैं, लेकिन रसोईयों को उचित मानदेय देने के लिए सरकार के पास धन नहीं है। उन्होंने कहा कि संगठन के संघर्ष से रसोईयों को बिहार सरकार से 2300 रुपये मानदेय मिल रहा है। उन्होंने 28 सितंबर को पटना में प्रस्तावित राजभवन मार्च में पश्चिम चंपारण से हजारों रसोईयों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। सम्मेलन में 31 सदस्यीय जिला कमिटी गठित की गई। लालबाबू राम को जिलाध्यक्ष, वीणा देवी को सचिव तथा रामाश्रय हजरा को उपाध्यक्ष चुना गया।

स्वस्थ जीवनशैली के लिए बगहा में निकला वाकेथान

गरीब दर्शन/बगहा



अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में बेहतर स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से देशभर में विभिन्न शाखाओं की ओर से वाकेथान का आयोजन किया जा रहा है . इसी क्रम में रविवार की सुबह अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच बगहा शाखा की ओर से शहर में वाकेथान का आयोजन किया गया . इसमें युवाओं, महिलाओं के साथ विभिन्न निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया .वाकेथान का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा निहार भूषण ने किया ।सुबह मारवाड़ी अतिथि भवन परिसर से वाकेथान की शुरुआत हुई। प्रतिभागी पैदल मार्च करते हुए मारवाड़ी धर्मशाला रोड, नवकी बाजार रोड, हनुमानगढ़ी रोड, मुख्य चौराहा, डीएम एकेडमी चौक, चित्रांगदा सिनेमा चौक, बॉम्बे बाजार और जोड़ा मंदिर रोड होते हुए वापस मारवाड़ी अतिथि भवन पहुंचे। जहां वाकेथान का समापन किया गया ।वाकेथान को सफल बनाने में मारवाड़ी युवा मंच बगहा शाखा के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल के साथ साकेत रुंगटा, उमेश अग्रवाल, रोहित कुमार, आशुतोष सरावगी समेत मंच के अन्य सदस्यों और युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बेतिया में पहले सीएनजी फिलिंग स्टेशन का शुभारंभ

वाहन चालकों को पेट्रोल-डीजल के साथ मिला नया ईंधन विकल्प, अब जिले से बाहर नहीं जाना पड़ेगा

गरीब दर्शन/बेतिया



जिलेवासियों का लंबे समय से सीएनजी फिलगि स्टेशन शुरू होने का इंतजार अब समाप्त हो गया। बेतिया में जिले के पहले सीएनजी फिलिंग स्टेशन समीर फिलिंग स्टेशन का शुभारंभ सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सीएनजी पंप शुरू होने से जिले के वाहन चालकों को पेट्रोल और डीजल के साथ एक और ईंधन विकल्प उपलब्ध हो गया है। विशेषकर सीएनजी से संचालित वाहनों के लिए ईंधन भराने में अब परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अब तक जिले के लोगों को सीएनजी के लिए दूसरे क्षेत्रों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन फिलिंग स्टेशन शुरू होने से यह समस्या दूर होगी।

शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. सुशील प्रसाद चौधरी ने कहा कि जिले में सीएनजी सुविधा की शुरुआत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे सीएनजी वाहनों के चालकों को सुविधा मिलने के साथ क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में विधायक नारायण प्रसाद, पूर्व विधायक प्रकाश राय, उमाकांत सिंह, ज्ञानेंद्र शरण, अमिताभ चौधरी, डॉ. आलोक चंद्र, संबंधित कंपनी के हेमंत द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं शिक्षाविद मौजूद रहे। फिलिंग स्टेशन के शुभारंभ को लेकर वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों में उत्साह देखा गया।

शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुए तमकुही के शिक्षक

गरीब दर्शन/तमकुही



शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले एवं तहसील स्तर पर शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह में तमकुही के शिक्षक सम्मानित हुए। सम्मानित होते ही इन शिक्षकों के चेहरे खिल गये।

पीएम श्री विद्यालय बसडिला महंथ के शिक्षक अवधेश वर्मा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय बभनौली की शिक्षिका अनिता भारती, प्रावि मठिया खुर्द के शिक्षक राजू सिंह, प्रावि कोईन्दी की शिक्षिका रीतू सिंह, प्रावि गंगुआ के शिक्षक हरिकेश पांडेय, प्रावि अमवा महंथ के शिक्षक मुनेन्द्र सिंह, कंपोजिट अमवा बुजुर्ग के शिक्षक अजय शुक्ला, पूमावि बरई पट्टी के सुरेन्द्र कुशवाहा आदि शिक्षक सम्मानित हुए।

इन शिक्षकों के सम्मानित होने पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष शंभू यादव, मंत्री देवेन्द्र ओझा, कोषाध्यक्ष अमरनाथ यादव, पूमावि अध्यक्ष रामप्रकाश शर्मा, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ मंत्री अंजनी सिंह, राशैम अध्यक्ष संतोष गोड़, मंत्री नीतेश राय, टीएससीटी के जिला सह संयोजक अजय सिंह, अजय शर्मा, मिनहाज अहमद सिद्दिकी, नारायण प्रसाद, ज्ञानचंद तिवारी, राकेश प्रताप सिंह, विरेन्द्र कुशवाहा, राजेश प्रसाद, कृष्ण मुरारी पांडेय, कबीर आलम, बिजुली प्रसाद, हरिशंकर प्रसाद,आनंद सिंह, विजय बहादुर पांडेय, मुन्ना यादव, सत्यपाल विश्वकर्मा, घनश्याम प्रसाद, हारून रसीद सिद्दिकी, नंदकिशोर प्रसाद, कौशल किशोर गुप्ता, संजय सिंह, आलोक पटेल, सत्येन्द्र सिंह, राजबहादुर सिंह, प्रवीण वर्मा, आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

साइबर ठगी के शिकार 104 लोगों को लौटाए गए चार लाख रुपये

गरीब दर्शन/बेतिया



जिले में साइबर ठगी के शिकार 104 लोगों को अगस्त 2026 में करीब चार लाख रुपये वापस कराए गए। साइबर अपराध के मामलों में पुलिस की त्वरित कार्रवाई के साथ केंद्र सरकार की ओर से विकसित डिजिटल माध्यम भी पीड़ितों की राशि वापस कराने में मददगार साबित हो रहे हैं। यह जानकारी साइबर सेल के डीएसपी अब्दुल रहमान ने दी।

उन्होंने बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर पीड़ितों को बिना देरी किए 1930 नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज करानी चाहिए। समय पर बैंक को सूचना देने से ठगी की राशि को रोकने और वापस कराने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने लोगों से साइबर अपराध के प्रति सतर्क रहने की अपील की। साइबर सेल के अनुसार, साइबर ठगी के पीड़ितों की सहायता के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की ओर से धन वापसी और शिकायत निवारण से जुड़े माध्यम भी शुरू किए गए हैं। इनके जरिए पीड़ितों की शिकायत पर कार्रवाई में सुविधा मिल रही है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ठगी होने पर सबसे पहले 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके साथ राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के बाद संबंधित बैंक को तत्काल सूचना दें। शिकायत दर्ज कराने के बाद प्राप्त शिकायत संख्या को सुरक्षित रखें, ताकि आगे की कार्रवाई में उसका उपयोग किया जा सके।

संक्षिप्त समाचार

भूमि विवाद में मारपीटः बैकुंठपुर पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

गरीब दर्शन/गोपालगंज/ बैकुंठपुर

थाना क्षेत्र के दिघवा धाती गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 25 जुलाई 2026 को जमीन पर मकान निर्माण के लिए छत की ढलाई के दौरान दोनों पक्षों में विवाद हुआ। देखते ही देखते मामला गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गया। आरोप है कि दोनों पक्षों ने लाठी-डंडे व अन्य हथियारों से एक-दूसरे पर हमला किया, जिसमें कई लोग घायल हुए। घटना को लेकर बैकुंठपुर थाना कांड संख्या 369/26 दर्ज किया गया था। जांच के दौरान उपलब्ध मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने बच्चा राय, पिता उत्तीम राय, निवासी दिघवा धाती को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

उचकागांव में शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 33.2 लीटर देसी शराब बरामद

गरीब दर्शन/गोपालगंज।

उचकागांव थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने 33.200 लीटर देसी शराब बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर रघुआ गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान एक घर से शराब बरामद हुई। मामले में मनु मांझी, पिता लालबहादुर मांझी, निवासी रघुआ, थाना उचकागांव को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

महावीरी अखाड़ा मेले को लेकर शांति समिति की बैठक

डीजे, घातक हथियारों के प्रदर्शन और नर्तकी-आर्केस्ट्रा कार्यक्रम पर रहेगा प्रतिबंध, अखाड़ा समितियों को लेना होगा लाइसेंस

गरीब दर्शन/मांझागढ़/गोपालगंज।

महावीरी अखाड़ा मेले के मद्देनजर रविवार की शाम मांझागढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरंजन कुमार ने की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अखाड़ा समिति के सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को मेले के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने कहा कि महावीरी अखाड़ा जुलूस शांतिपूर्ण एवं निर्धारित नियमों के अनुसार निकाला जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अखाड़ा जुलूस एवं मेले के दौरान डीजे बजाने, घातक हथियारों के प्रदर्शन तथा नर्तकी अथवा आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के आयोजन पर प्रतिबंध रहेगा। सभी अखाड़ा समितियों के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि जुलूस निकालने के दौरान किसी स्थान पर किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल प्रशासन को इसकी सूचना दें, ताकि उसका बिना विलंब समाधान किया जा सके। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से प्रतिबंधित गतिविधियों पर रोक लगाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की, ताकि किसी प्रकार की कार्रवाई की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में पूर्व मुखिया अशोक कुमार, मुखिया अब्दुल कुदुस, गोरख साह, जदयू नेता ब्रज किशोर सिंह सहित सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न अखाड़ा समितियों के सदस्य मौजूद रहे। बताते चलें कि मांझागढ़ में तीज व्रत के अवसर पर प्रत्येक वर्ष महावीरी अखाड़ा मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 14 सितंबर की रात महावीरी अखाड़ा जुलूस निकाला जाएगा, जबकि 15 सितंबर की शाम महावीरी अखाड़ा मेले का आयोजन होगा। आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है।

बेंगलुरु के बिहार महोत्सव में उग्रतारा स्थान व मंडन धाम की विशेष झलक

पर्यटन स्थलों की प्रदर्शनी के जरिए सहरसा की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत को मिली पहचान

गरीब दर्शन/सहरसा।

बेंगलुरु में बिहार पर्यटन विभाग और आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बिहार महोत्सव में सहरसा जिले की ऐतिहासिक एवं धार्मिक विरासत की विशेष झलक देखने को मिली। महिषी स्थित श्री उग्रतारा स्थान और मंडन मिश्र धाम को महोत्सव में विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। तीन से छह सितंबर तक आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन आर्ट ऑफ लिविंग के श्री श्री रविशंकर और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। दक्षिण भारत में बिहार की समेकित पहचान और पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित महोत्सव में बिहार के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों को प्रदर्शनी और प्रचार सामग्री के माध्यम से लोगों के सामने रखा गया। बेंगलुरु जैसे देश के प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र में आयोजित इस आयोजन में बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को जानने के लिए लोगों में विशेष रुचि देखी गई।

महोत्सव में सहरसा के महिषी स्थित श्री उग्रतारा स्थान तथा मंडन मिश्र धाम को विशेष स्थान दिया गया। प्रदर्शनी के साथ बुकलेट के माध्यम से इन दोनों



महत्वपूर्ण स्थलों के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की जानकारी लोगों तक पहुंचाई गई। मंडन मिश्र धाम का संबंध आठवीं शताब्दी के प्रसिद्ध शास्त्रार्थ से जोड़ा जाता है। मान्यता के अनुसार आदि शंकराचार्य दक्षिण भारत से महिषी पहुंचे थे, जहां उनका मंडन मिश्र के साथ शास्त्रार्थ हुआ था। इस शास्त्रार्थ की मध्यस्थता मंडन मिश्र की पत्नी एवं परम विदुषी भारती ने की थी।

सहरसा के इन दोनों प्रमुख पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए बिहार सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से भी कार्य जारी है। उग्रतारा स्थान के विकास के लिए करीब 14 करोड़ रुपये तथा मंडन मिश्र धाम के विकास के लिए करीब 15 करोड़ रुपये की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य दोनों स्थलों को बेहतर पर्यटक सुविधाओं से लैस कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करना है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा ने कहा कि बेंगलुरु में आयोजित बिहार महोत्सव में सहरसा के प्रमुख पर्यटन स्थलों को इस तरह प्रदर्शित किया जाना जिले के लिए गौरव की बात है। राज्य सरकार सहरसा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में इन स्थलों के विकास से सहरसा और आसपास का क्षेत्र प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित हो सकेगा।

बद्रीनाथ प्रगति क्लासेस के दोनों शाखाओं में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

गरीब दर्शन /सहरसा।

शिक्षक दिवस के अवसर पर सहरसा स्थित बद्रीनाथ प्रगति क्लासेस की तिरंगा चौक एवं सराही स्थित दोनों शाखाओं में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए शिक्षक दिवस के महत्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों पर भी चर्चा की गई। संस्थान की ओर से बताया गया कि यहां BPSC, बिहार दारोगा, बिहार पुलिस, रेलवे, SSC, डिफेंस सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। इसके अलावा 11वीं एवं 12वीं के आर्ट्स वर्ग के सभी विषयों की कक्षाएं भी संचालित होती हैं। संस्थान की ओर से दावा किया गया कि पिछले कई वर्षों से यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों ने जिला एवं राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है। उपलब्धियों में 2020 में नीरज कुमार, 2021 में गौरीशंकर कुमार, 2022 में अजय कुमार गुप्ता, 2024 में प्रिंस कुमार



♦ शिक्षकों के सम्मान में आयोजित हुआ कार्यक्रम, विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम


जायसवाल एवं मधुपुर जिला टॉपर मयूसम कुमारी, 2025 में बिहार में 12वां स्थान प्राप्त करने वाली आरोशी मोहन तथा 2026 में गौतम कुमार का नाम शामिल है।

इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी। विद्यार्थियों ने भी शिक्षकों से प्राप्त मार्गदर्शन को अपने भविष्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। संस्थान में 12वीं की कक्षाएं सुबह 5 से 7 बजे, 9 से 11 बजे तथा दोपहर 2 से 4 बजे तक, जबकि 11वीं की कक्षाएं सुबह 7 से 9 बजे एवं शाम 4 से 5 बजे तक संचालित होती हैं। वहीं G.K. एवं G.S. की कक्षाएं शाम 5 से 6 बजे तथा 6 से 7 बजे तक चलती हैं। बद्रीनाथ प्रगति क्लासेस की प्रथम शाखा तिरंगा चौक, सहरसा तथा द्वितीय शाखा नमक गोदाम रोड, सराही, सहरसा में संचालित है।

शिक्षक दिवस पर डॉ. हिना कौसर गोरखपुरी की पुस्तक 'मार्गदर्शक' का प्रकाशन

'अज्ञानता के अंधेरों से सफलता की रोशनी तक' का संदेश देती है पुस्तक

गरीब दर्शन/गोरखपुर।



शिक्षक दिवस के अवसर पर युवा कवयित्री, लेखिका एवं संपादिका डॉ. हिना कौसर गोरखपुरी की बहुप्रतीक्षित पुस्तक 'मार्गदर्शक—अज्ञानता के अंधेरों से सफलता की रोशनी तक' का सफल प्रकाशन हुआ। वैदिक प्रकाशन, हरिद्वार, उत्तराखंड द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान, संस्कार और सफलता की ओर अग्रसर करने का संदेश दिया गया है।

पुस्तक में शिक्षा, संस्कार, अनुशासन, परिश्रम, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। लेखिका के अनुसार पुस्तक विशेष रूप से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए उपयोगी मार्गदर्शक साबित हो सकती है। पुस्तक के माध्यम से विद्यार्थियों में जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने तथा उन्हें अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया गया है। पुस्तक के प्रकाशन पर डॉ. हिना कौसर गोरखपुरी ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। उनकी कोशिश है कि 'मार्गदर्शक' विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा पैदा करे। लेखिका ने पुस्तक के प्रकाशन के लिए वैदिक प्रकाशन और प्रकाशक प्रशस्ति सचदेव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस पर पुस्तक का प्रकाशन उनके लिए विशेष भावनात्मक अवसर है। उन्होंने अपनी पुस्तक को अपने दिवंगत शिक्षक जनाब कारी अब्दुल वली साहब के चरणों में विनम्र गुरु-दक्षिणा एवं भावभीनी श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित किया है। शिक्षक दिवस के अवसर पर पुस्तक के प्रकाशन को साहित्य एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने सराहनीय पहल बताया। लोगों ने डॉ. हिना कौसर गोरखपुरी को पुस्तक के प्रकाशन पर बधाई देते हुए इसके सफल होने की कामना की। पुस्तक का आवरण भी शिक्षा, शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच ज्ञान के प्रकाश को प्रभावी ढंग से दर्शाता है।

पुस्तक का नाम 'मार्गदर्शक', उपशीर्षक 'अज्ञानता के अंधेरों से सफलता की रोशनी तक' तथा लेखिका डॉ. हिना कौसर गोरखपुरी हैं।

शिक्षक दिवस पर फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी ने कराया क्रिकेट मैच

आयुष इलेवन ने अमन इलेवन को दो विकेट से हराया, खिलाड़ियों को मेडल देकर किया सम्मानित

गरीब दर्शन/सहरसा।

भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी की ओर से पटेल मैदान में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस दौरान एकेडमी के खिलाड़ियों और गणमान्य लोगों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान एकेडमी के कोच प्रभात कुमार सिंह एवं नित्यानंद ठाकुर ने केक काटकर शिक्षक दिवस की खुशियां साझा कीं। इसके बाद खिलाड़ियों के बीच अमन इलेवन और आयुष इलेवन के बीच 10-10 ओवर का क्रिकेट मैच खेला गया। अमन इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 80 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयुष इलेवन की टीम ने आठ विकेट खोकर 83 रन बनाते हुए अमन इलेवन को दो विकेट से पराजित कर दिया। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अनय को मैन ऑफ द मैच, मुकुंद को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सूरज को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज तथा नामिश को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसके साथ ही एकेडमी के सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर उनका



उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में एकेडमी के कोच प्रभात कुमार सिंह एवं नित्यानंद ठाकुर, बसंत पब्लिक स्कूल के प्राचार्य निखिल कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, शशि यादव, बाबु झा, डॉ. प्रीति मिश्रा, वेद प्रकाश सोनू, वंदना कुमारी, ममता कुमारी, डॉ. एच.एस. ठाकुर, सोनिया, श्वेता, दिवाकर कुमार, दीनबंधु, प्रदीप, प्रिया सिंह, दीपक कुमार, मनोज कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

आयोजन की सफलता में बसंत पब्लिक स्कूल एवं विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा। आयोजकों ने कहा कि खेल के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। शिक्षक दिवस पर आयोजित इस क्रिकेट मैच ने खिलाड़ियों में उत्साह और खेल भावना का संचार किया।

संस्कृत शिक्षा को मिलेगा नया आयाम, बनगांव में संस्कृत गुरुकुलम का शुभारंभ

छात्र-छात्राओं को निःशुल्क दी जाएगी संस्कृत शिक्षा, शिक्षक दिवस पर आदर्श शिक्षक पंडित नवीन कुमार खां सम्मानित



गरीब दर्शन/सहरसा।

गोस्वामी लक्ष्मीनाथ सेवा मिशन, बनगांव के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। ग्रामीण शिक्षाविदों एवं बुद्धिजीवियों के विचार-विमर्श के बाद बनगांव में गोस्वामी लक्ष्मीनाथ संस्कृत गुरुकुलम का शुभारंभ किया गया। गुरुकुलम के माध्यम से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क संस्कृत शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजकों ने कहा कि संस्कृत भारतीय संस्कृति, परंपरा और ज्ञान-विज्ञान की महत्वपूर्ण भाषा है। इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ग्रामीण स्तर पर इस तरह की पहल आवश्यक है। मिशन के अध्यक्ष धनंजय कुमार झा उर्फ भगवान झा ने बताया कि गोस्वामी लक्ष्मीनाथ सेवा मिशन के शिक्षा सेवा प्रकल्प के अंतर्गत संस्कृत गुरुकुलम की शुरुआत की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को संस्कृत की शिक्षा सहज और निःशुल्क रूप से उपलब्ध कराना है। गुरुकुलम में विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, धार्मिक ग्रंथों और परंपरागत ज्ञान से भी परिचित कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे भी संस्कृत शिक्षा प्राप्त कर सकें, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा निःशुल्क रखने का निर्णय लिया गया है। गुरुकुलम की शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन आदर्श शिक्षक पंडित नवीन कुमार खां सहित विभिन्न विद्वानों के मार्गदर्शन में किया जाएगा। मिशन से जुड़े लोगों ने बताया कि संस्कृत के प्रति नई पीढ़ी में रुचि पैदा करने और इस प्राचीन भाषा के अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए नियमित शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। ग्रामीण क्षेत्र में गुरुकुलम की स्थापना को संस्कृत शिक्षा के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर गोस्वामी लक्ष्मीनाथ सेवा मिशन की विभिन्न गतिविधियों में निःस्वार्थ भाव से सेवा प्रदान करने के लिए आदर्श शिक्षक पंडित नवीन कुमार खां को सम्मानित किया गया। बाबाजी कुटी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें पाग एवं चादर भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके शैक्षणिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में मिशन के अध्यक्ष धनंजय कुमार झा, राहुल-बिल्टू, राजेश कुमार झा, भरत झा, हरिश्चन्द्र मिश्रा, बाबाजी कुटी के प्रधान पुजारी पंडित राजेन्द्र झा, पंडित वीरेंद्र मिश्र, चन्द्रानंद झा, पंडित पवन मिश्र, पंडित योगेश झा, पंडित मुन्ना झा, पंडित राघव झा, रविन्द्र चौधरी, महेश खां, प्रमोद ठाकुर, पंडित गन्धर्व झा, संतोष खां, पिंटुजीत झा, नटवर झा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। उपस्थित लोगों ने गुरुकुलम की शुरुआत का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र में संस्कृत शिक्षा को मजबूत करने वाली पहल बताया।

डेयरी उद्योग की हकीकत पर युवाओं ने किया नुक्कड़ नाटक

♦ अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर कोलकाता समेत 10 शहरों में चला जागरूकता अभियान, पशु क्रूरता और पर्यावरणीय प्रभाव पर उठाई आवाज

गरीब दर्शन/कोलकाता।

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कोलकाता के युवाओं ने डेयरी उद्योग से जुड़े पशुओं के साथ होने वाले व्यवहार और उससे जुड़े सामाजिक एवं पर्यावरणीय मुद्दों को लेकर विक्टोरिया मेमोरियल के दक्षिणी गेट के सामने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। करीब 10 मिनट के इस नाटक के माध्यम से लोगों को गाय, भैंस और उनके बछड़ों के जीवन तथा डेयरी उद्योग से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों के अनुसार यह अभियान देश के 10 शहरों में चलाया गया।

नाटक की प्रस्तुति एक लोकप्रिय टेलीविजन कार्यक्रम में डेयरी पशुओं की स्थिति को लेकर हुई बातचीत से प्रेरित थी। आयोजकों ने बताया कि इस बातचीत में अभिनेता अमिताभ बच्चन और प्रतियोगी सिद्धार्थ शर्मा के बीच पशुओं की स्थिति को लेकर चर्चा हुई थी, जिसे सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर देखा गया। इसी संदर्भ को आधार बनाकर युवाओं ने डेयरी और पशु कल्याण से जुड़े सवालों को आम लोगों के बीच रखने का प्रयास किया।

विक्टोरिया मेमोरियल के सामने आयोजित नुक्कड़ नाटक का मुख्य उद्देश्य डेयरी और मांस उद्योग के बीच बताए जा रहे संबंधों को सार्वजनिक चर्चा में लाना था। आयोजकों ने दावा किया कि डेयरी व्यवस्था में उपयोग किए जाने वाले पशुओं के जीवन, उनके बछड़ों तथा दूध उत्पादन





के बाद उनके भविष्य से जुड़े कई सवालों पर समाज में गंभीर चर्चा की आवश्यकता है। कार्यक्रम के माध्यम से पशु संरक्षण, जनस्वास्थ्य, पर्यावरण और संबंधित कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास किया गया।

कार्यक्रम की आयोजक अरुशी भट्टाचार्य ने कहा कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डेयरी और मांस उद्योग के बीच के उस संबंध को सामने लाने का प्रयास किया गया, जिसके बारे में आम तौर पर चर्चा कम होती है। उन्होंने कहा कि पशुओं के संरक्षण और उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि छाया पशु अस्पताल की टीम उद्योग से प्रभावित पशुओं को बचाने और उनकी देखभाल का कार्य कर रही है तथा कई पशु न्यायिक अभिरक्षा में भी हैं।

आयोजकों ने डेयरी से जुड़े मुद्दों को सार्वजनिक सुरक्षा और पर्यावरण से भी जोड़ते हुए कहा कि सड़कों पर आवारा छोड़े जाने वाले पशुओं से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। कार्यक्रम में पशु क्रूरता रोकने, सड़क पर रहने वाले पशुओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने तथा पौध आधारित खाद्य व्यवस्था को बढ़ावा देने की अपील की गई।

केजुरी की देखभाल संस्था से जुड़े शुभ्रजीत पांडा ने कहा कि पशुओं के साथ क्रूरता, सड़क पर रहने वाले पशुओं के प्रति दुर्व्यवहार, डेयरी उद्योग और शाकाहारी जीवनशैली जैसे मुद्दों पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह पहल की गई।

उन्होंने कहा कि कोलकाता में लोगों की प्रतिक्रिया उत्साहजनक रही और मिले सुझावों से अभियान को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिली। अभियान का आयोजन पाज एंड प्लानेट तथा छाया पशु अस्पताल ने विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर किया। आयोजकों ने नीति-निर्माताओं और संस्थानों से पशु कल्याण, जनस्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पौध आधारित खाद्य प्रणालियों को प्रोत्साहित करने की अपील की।



अभिनेत्री श्रुति देशपांडे ने थिएटर नाटक 'नकाब' में नवाजुद्दीन के साथ स्टेज शेयर किया

अभिनेत्री श्रुति देशपांडे ने थिएटर नाटक 'नकाब' में अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ स्टेज शेयर किया है। अभिनेत्री ने बातचीत में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ काम करने के अनुभव को शेयर करते हुए बताया कि वे अपने काम में हर बार कुछ नयापन जरूर लेकर आते हैं। अभिनेत्री ने बताया, 'नवाजुद्दीन उम्दा किस्म के कलाकार हैं, उनके काम में आपको एक नयापन देखने को मिलेगा। वह जो भी करते हैं, उसमें कुछ नया और अलग लेकर आते हैं।' अभिनेत्री ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ अपना शिकागो का अनुभव शेयर करते हुए बताया, 'शिकागो में हम शो कर रहे थे और उसी समय थिएटर में कुछ तकनीकी समस्या हो गई थी, जिसके बाद नवाज का माइक काम नहीं कर रहा था और उससे आवाज नहीं आ रही थी, जिसके दर्शक चिल्लाने लगे कि उन्हें आवाज सुनाई नहीं दे रही है। जब आप लाइव परफॉर्म कर रहे हों और दर्शक चिल्ला रहे हों कि आवाज नहीं आ रही, तो बहुत ज्यादा ध्यान भटकता है। नवाज को अपनी आवाज तेज करनी पड़ी और जोर से बोलना पड़ा। एक एक्टर एक हद तक ही तेज आवाज में बोल सकता है, इसलिए हमने भी उनका साथ दिया और अपनी आवाज को उसी हिसाब से एडजस्ट किया।'

उन्होंने आगे कहा, 'आखिर में उन्हें अपना माइक ठीक करवाने के लिए बैकस्टेज जाना पड़ा। चूंकि यह उनका पहला थिएटर एक्सपीरियंस था और मैं कई सालों से थिएटर कर रही थी, इसलिए मुझे लगा कि उस वक्त मुझे जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मैंने थोड़ा इम्प्रोवाइज किया और हमने उस टेक्निकल खराबी और छोटे से ब्रेक को संभाल लिया, फिर शो आगे बढ़ाया। अभिनेत्री ने आगे कहा कि स्क्रीन और थिएटर में बड़ा फर्क है कि थिएटर में आपको सब कुछ उसी वक्त संभालना पड़ता है और स्क्रीन पर रीटेक हो जाता है। उन्होंने कहा, 'आपको टेक्निकल प्रॉब्लम, ऑडियंस और परफॉर्मेंस को बिना यह दिखाए मैनेज करना होता है कि कुछ गड़बड़ हुई है। मुझे लगता है कि उनसे मेरी सबसे बड़ी सीख यही थी।'



..अब महिला कलाकारों की बात सिर्फ सहानुभूति के लिए नहीं सुनी जाती

मेघना गुलजार की फिल्म 'दायरा' 18 सितंबर को रिलीज होनी है। इसी फिल्म को लेकर हुई बातचीत के दौरान मेघना ने दीपिका पादुकोण के आठ घंटे की शिफ्ट वाले मामले पर भी अपनी राय दी। हाल ही में दीपिका की फिल्म 'स्पिरिट' से जुड़े एक विवाद में यह भी दावा किया गया कि अभिनेत्री ने मेकर्स से 10 फीसदी प्रॉफिट शेयर मांगा है। अब इस पूरे मामले पर इंटरव्यू में मेघना ने अपनी प्रतिक्रिया दी। खास बातचीत में मेघना ने कहा, 'मुझे लगता है कि शायद वह अपनी जिंदगी के ऐसे दौर में हैं, जब उन्हें लगा कि उन्हें ऐसा करना चाहिए। जब हमने उनके साथ काम किया था, तब हमारे बीच ऐसा कुछ नहीं था। तो शायद यह उनकी जिंदगी का एक अलग समय है।' मेघना ने आगे कहा, 'वह मां हैं, उनका एक बच्चा है और अब वह अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। आप किसी से सिर्फ इसलिए कुछ नहीं छीन सकते कि वह अपनी किसी जरूरत के बारे में बात कर रही है। उसकी जिंदगी की परिस्थितियां बदलती रहती हैं और आपको इसे समझना होगा।' मेघना के मुताबिक, अगर किसी कलाकार की शर्तें किसी प्रोजेक्ट के लिए संभव नहीं हैं, तो दोनों पक्ष अपने-अपने फैसले ले सकते हैं। महिला कलाकारों को लेकर इंडस्ट्री में आए बदलाव पर मेघना कहती हैं, 'पिछले कुछ साल में मैंने महिला कलाकारों में यह बदलाव देखा है कि अब उनकी बात सिर्फ सहानुभूति के लिए नहीं सुनी जाती। पहले 'बेचारी' कहकर उनकी बात सुन ली जाती थी। अब ऐसा कम होता है। यह बहुत बड़ा बदलाव है। अब उनकी बात बराबरी के नजरिए से सुनी जाती है।'



'हीरो की हॉररइन' में नितांशी के साथ नजर आएंगे यशवर्धन



गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा जल्द ही फिल्मी दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। यशवर्धन की पहली फिल्म का नाम 'हीरो की हॉररइन' है। यह एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म होगी, जिसे एकता कपूर और अमर बुटाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन साजिद खान करेंगे। इस फिल्म की सबसे खास बात यह है कि यशवर्धन के साथ उनकी मां और गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा भी नजर आएंगी। फिल्म में यशवर्धन की जोड़ी 'लापता लेडीज' फेम एक्ट्रेस नितांशी गोयल के साथ बनाई गई है। नितांशी को आमिर खान की फिल्म 'लापता लेडीज' से खास पहचान मिली थी। 'हीरो की हॉररइन' में उनके और यशवर्धन के बीच रोमांस के साथ-साथ कॉमेडी और हॉरर का तड़का देखने को मिलेगा। मेकर्स ने फिल्म को ऐसे अंदाज में तैयार किया है, जिसमें डर के साथ हंसी और रोमांस भी कहानी का हिस्सा होंगे। यशवर्धन और नितांशी की जोड़ी भी फिल्म की खासियतों में से एक है। दोनों पहली बार बड़े परदे पर साथ दिखाई देंगे। फिल्म में सिर्फ यशवर्धन और नितांशी ही नहीं, बल्कि कई जाने-पहचाने कलाकार भी नजर आएंगे। जिनमें जेमी लीवर, चंकी पांडे, बृजेंद्र काला और सिमरत कौर रंधावा जैसे कलाकार शामिल हैं।

तृषा की अगली फिल्म में साथ होंगी राधिका सरतकुमार




तृषा कृष्णन, राधिका सरतकुमार और अपर्णा बालमुरली लंदन में एक नई साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म की शूटिंग में जुट गई हैं। जानिए फिल्म की कहानी और रिलीज डेट को लेकर पूरी जानकारी। फिल्म की सबसे खास बात यह है कि इसकी कहानी पूरी तरह महिलाओं के इर्द-गिर्द होगी। इसमें तृषा, राधिका और अपर्णा अलग-अलग पीढ़ियों की तीन शानदार एक्ट्रेसेस के तौर पर नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग लंदन में हो रही है। बताया जा रहा है कि फिल्म में सिर्फ डर और हॉरर दिखाने के बजाय साइकोलॉजिकल टेंशन, रहस्य और माहौल पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के जरिए डायरेक्टर राजा कृष्ण मेनन तमिल सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। राजा कृष्ण मेनन इससे पहले 'एयरलिफ्ट', 'शेफ' और 'पिप्पा' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। इस फिल्म के साथ वह एक बिल्कुल नए जॉनर में कदम रख रहे हैं। यह उनकी पहली तमिल फिल्म होने के साथ-साथ पहली साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म भी है।



27 नवंबर को रिलीज होगी इमरान की 'गनमास्टर जी9'

फिल्म 'आवारापन 2' के बाद इमरान हाशमी की अगली फिल्म का ऐलान हो गया है। वह अब 'गनमास्टर जी9' में नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज डेट भी लॉक कर दी गई है। यह फिल्म दुनियाभर के सिनेमाघरों में 27 नवंबर 2026 को रिलीज होगी। खास बात यह है कि इस प्रोजेक्ट के लिए इमरान, निर्देशक आदित्य दत्त और संगीतकार हिमेश रेशमिया करीब दो दशक बाद फिर साथ आए हैं। इमरान के लिए 'गनमास्टर जी9' इसलिए भी खास है क्योंकि यह 'आवारापन 2' के बाद उनकी अगली बड़ी रिलीज होगी। 'आवारापन' फ्रेंचाइज से गंभीर किरदार में दिखने के बाद अब एक्शन जॉनर में दिखाई देंगे। फिल्म में इमरान के साथ जेनेलिया और अपारशक्ति भी नजर आएंगे 'गनमास्टर जी9' में इमरान के साथ जेनेलिया देशमुख और अपारशक्ति खुराना भी हैं। इसका निर्माण दीपक मुकुट, संगीता अहीर और हुनर मुकुट ने किया है। इसे सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत कर रहा है। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और हिमेश रेशमिया इससे पहले 'सनम तेरी कसम' और 'जीनियस' जैसे प्रोजेक्ट्स के लिए साथ काम कर चुके हैं। 'गनमास्टर जी9' के साथ यह सहयोग एक बार फिर बड़े परदे पर देखने को मिलेगा।

'3 इडियट्स' के सीक्वल पर राजकुमार हिरानी ने दी बड़ी अपडेट



'3 इडियट्स' बॉलीवुड की सबसे ज्यादा मशहूर फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के रिलीज होने के लगभग दो दशक बाद निर्देशक राजकुमार हिरानी ने इसके संभावित सीक्वल के बारे में एक बड़ी जानकारी दी है। हिरानी ने कंफर्म किया कि वह और उनकी राइटिंग टीम एक ऐसी कहानी पर काम कर रहे हैं, जो किरदारों को वापस ला सकती है। '3 इडियट्स' में आमिर खान, आर माधवन और शरमन जोशी ने काम किया था।

3 इडियट्स को लेकर बोले हिरानी?

'3 इडियट्स' के सीक्वल पर काम चल रहा है लेकिन फिल्ममेकर इसकी डिटेल्स बताने की जल्दी में नहीं हैं। राजकुमार हिरानी ने एएनआई से कहा 'हम इस पर काम कर रहे हैं। जब प्रोजेक्ट सही स्टेज पर होगा, तब टीम इस पर चर्चा करेगी।' उन्होंने यह भी कन्फर्म किया कि कास्ट वही रहेगी, जिससे यह संकेत मिलता है कि आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी इसमें वापसी करेंगे। हिरानी ने साफ किया कि प्रोजेक्ट अभी भी राइटिंग स्टेज में है और इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि यह कभी बनेगा भी या नहीं। उन्होंने कहा 'हम तभी आगे बढ़ेंगे जब राइटिंग सही से हो जाएगी। हम इसे तभी बनाएंगे जब सब कुछ ठीक से हो जाएगा, वरना नहीं बनाएंगे। यह एक ऐसी फिल्म है जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया है। अगर हम उसके लेवल तक नहीं पहुंच पाए, तो कोई फायदा नहीं है।'

कहानी पर नहीं आई कोई जानकारी

हिरानी ने कन्फर्म किया कि 'कास्टिंग वही रहेगी', जिससे ओरिजिनल एक्टर्स की वापसी को लेकर अटकलें तेज हो सकती हैं। हालांकि फिल्ममेकर ने अभी तक पूरी कास्ट की घोषणा नहीं की है और न ही किरदारों की कहानी के बारे में कोई जानकारी दी है।



मैंने हमेशा खुद को आगे बढ़ाने में विश्वास किया है

अभिनेत्री अविका गौर ने 'खतरों के खिलाड़ी 15' से अपने एलिमिनेशन के बाद पहली बार अपने अनुभव और भावनाओं के बारे में खुलकर बात की है। शो से इतनी जल्दी बाहर होना उनके लिए आसान नहीं रहा। अविका ने कहा कि एलिमिनेशन के बाद जब वह घर बैठकर शो देखती हैं, तो उनके मन में बार-बार यही ख्याल आता है कि अगर वह उस वक्त वहां होतीं, तो शायद और बेहतर कर सकती थीं। हालांकि, बाद में उन्हें यह भी एहसास होता है कि टीवी पर बैठकर किसी स्टंट को देखना और खुद उस डर, दबाव और एड्रेनालिन के बीच उसे करना बिल्कुल अलग बात है।

अविका गौर ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा नोट शेयर किया और बताया कि 'खतरों के खिलाड़ी' ने उनकी जिंदगी और खुद को देखने के नजरिए पर काफी असर डाला है। उन्होंने लिखा, ''मैंने 'खतरों के खिलाड़ी' देखने के बाद अपने बारे में एक बात महसूस की है। मैं खुद को यह सोचते हुए पाती हूं कि अगर मैं वहां होती, तो मैंने हार नहीं मानी होती। मैं और ज्यादा कोशिश करती। मैं बेहतर करती।''

अविका ने आगे मजाकिया अंदाज में कहा, ''शो को आराम से सोफे पर बैठकर देखने के दौरान मुझे ऐसा लगने लगता है, जैसे मैं 'खतरों के खिलाड़ी' की एक्सपर्ट बन गई हूं। लेकिन फिर याद आता है कि मैं अपनी जिंदगी के आरामदायक माहौल में बैठकर शो देख रही हूं। मुझे न तो उस समय का दबाव महसूस हो रहा है और न ही उस स्टंट को करने का डर। बाहर बैठकर किसी स्थिति का हीरो बनना बहुत आसान है। जब कोई चीज हमारे लिए बहुत मायने रखती है, तो हम उसे बार-बार अपने दिमाग में दोहराते हैं, अलग-अलग फैसलों की कल्पना करते हैं और कहानी का एक ऐसा वर्जन बना लेते हैं, जो कभी हुआ ही नहीं।'

अविका ने कहा, ''शायद इसी वजह से इतनी जल्दी एलिमिनेट होना मेरे लिए पूरी तरह छोड़ पाना मुश्किल रहा है। मेरे अंदर कहीं न कहीं अभी भी वह लड़की है, जो सोचती है कि मेरे पास देने के लिए बहुत कुछ था। शायद सच में था भी। लेकिन मुझे यह भी समझना होगा कि इस सोच में लगातार जीते रहना सही नहीं है। यह मानना अलग बात है कि आपके पास और बेहतर करने की क्षमता थी और हर वक्त उस दुनिया में रहना अलग।''

उन्होंने कहा, ''जब मैंने पहली बार शो किया था, तब मैं सिर्फ 21 साल की थीं। उस समय शो ने मुझे खुद को और अपने भविष्य को एक अलग नजरिए से देखने में मदद की थी। मैं डर का सामना करने और स्टंट करने के इरादे से शो में गई थीं, लेकिन वहां से निकलने के बाद मुझे खुद के बारे में बहुत कुछ नया समझ आया।''

मैंने हमेशा मेहनत कर, खुद को आगे बढ़ाया

मैंने हमेशा मेहनत करने, तैयारी करने, खुद को आगे बढ़ाने और अपनी पसंद की जिंदगी बनाने में विश्वास किया है। इसलिए ऐसी चीज को स्वीकार करना, जो पूरी तरह मेरे नियंत्रण से बाहर हो, मेरे लिए मुश्किल और सच कहूं तो दिल तोड़ने वाला रहा है।' उन्होंने आगे कहा, ''कई बार इंसान किसी चीज के लिए अपना सब कुछ दे देता है, फिर भी नतीजा वैसा नहीं मिलता जैसा उसने सोचा था। शायद क्लोजर का मतलब यह तय करना नहीं है कि आप शो में बने रहने के लायक थे या आप बेहतर कर सकते थे। असली क्लोजर यह स्वीकार करना है कि कहानी उस तरह खत्म नहीं हुई, जिस तरह हमने अपने दिमाग में लिखी थी।''

मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी एवं संपादक विकाश कुमार राय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड नियर वंश हॉस्पिटल, दरभंगा रोड (पटियासा), मुजफ्फरपुर, बिहार , पिन कोड - 843103 से मुद्रित तथा ग्राम + पोस्ट - भादा , वार्ड नं - 04 , कपिलदेव राय टोला , थाना - हरसिद्धि, पूर्वी चंपारण , बिहार , पिन कोड - 845417 से प्रकाशित , संपादक - विकाश कुमार राय , मोबाइल / ह्वाट्सप नं - 9155827409, RNI NO - BIHHIN/2021/80713, संस्थापक सह मुख्य संपादक : रितु रंजन कुमार , प्रधान संपादक : सुभाष पाण्डेय , प्रबंध संपादक : दिग्विजय भारद्वाज। नोट : इस समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के कानूनी विवादों का न्याय क्षेत्र मोतिहारी होगा तथा उनका निपटारा व्यवहार न्यायालय, मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) के न्यायिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत किया जाएगा। इस अंक में प्रकाशित लेख, समाचार, विचार एवं टिप्पणियों से संपादक अथवा प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्रकाशित समाचारों एवं लेखों की सत्यता, तथ्यात्मकता तथा उनमें व्यक्त विचारों की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित लेखक / संवाददाता की होगी। इस समाचार पत्र में कार्यरत सभी पद पूर्णतः अवैतनिक हैं।